
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 42 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 25 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### राजस्थान में भाजपा 450 रुपए में देगी रसोई गैस, सीएम बघेल बोले- पीएम पूरे देश को दे 450 रुपए सिलेंडर

**रायपुर।** देश में इन दिनों चुनावी माहौल में गैस सिलेंडर बड़ा मुद्दा बन गया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने 500 रुपए सब्सिडी की घोषणा तो भाजपा ने 500 रुपए में सिलेंडर देने की घोषणा की। अब राजस्थान में भाजपा ने 450 रुपए रसोई गैस देने का वादा किया है। राजस्थान में भाजपा के वादे पर छत्तीगसढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है। उन्होंने भाजपा का पोस्टर अपने अधिकारिक एक्स हैंडल पर शेयर करते हुए कहा कि पीएम पूरे देश का होता है तो पूरे देश की जनता को 450 रुपए में सिलेंडर दें। मख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पीएम तो पूरे देश का होता है, फिर वह राज्यों की जनता के साथ भेदभाव कैसे कर सकता है? उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि मोदी की गलत नीतियों के कारण देशवासी महंगाई से त्रस्त हैं। यह तो उन्होंने स्वयं ही स्वीकार कर लिया है। सीएम ने तंज कसते हुए कहा कि अगर मोदी की गारंटी है तो पूरे देश में 450 में सिलेंडर दे दीजिए, जनता को केंद्र सरकार के प्रकोप से कुछ तो राहत मिलेगी ही।

### अपने लक्ष्य के नजदीक पहुंचा आदित्य एल1, 7 जनवरी की तारीख अहम

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** सूर्य के अध्ययन के लिए भेजे गए भारत के पहले अंतरिक्ष मिशन यान आदित्य एल1 अपने अंतिम चरण में है और जल्द ही अपने लक्षित पॉइंट तक पहुंच जाएगा। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने इसकी जानकारी दी है। इसरो चीफने कहा कि आदित्य सही रास्ते पर है और मुझे लगता है कि यह अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि संभव है कि सात जनवरी को आदित्य एल1 अपना अंतिम मैनुवर पूरा कर एल1 पॉइंट में दाखिल होगा।

बता दें कि आदित्य एल1 को बीती 2 सितंबर 2023 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। आदित्य एल1 स्पेस यान करीब 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर 125 दिनों में सूर्य के नजदीक स्थित लैग्रेजियन पॉइंट तक पहुंचेगा। आदित्य एल1 लैग्रेजियन पॉइंट से सूर्य की तस्वीरें लेकर पृथ्वी पर भेजेगा। आदित्य एल1 की मदद से इसरो सूर्य के किनारों पर होने वाली हीटिंग का अध्ययन करेगा और सूरज के किनारों पर उठने वाले तूफानों की गति और उसके तापमान के पैटर्न को समझने की कोशिश की जाएगी।

# क्लोज फाइट की संभावनाओं के बीच भावी विधायकों की घेराबंदी में जुटे दल

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में नजदीकी मुकाबले की संभावनाओं के बीच राजनीतिक दल अपने-अपने भावी विधायकों की घेराबंदी में जुट गए हैं। खासतौर पर कांग्रेस को यह आशंका सता रही है कि उसके विधायकों की खरीद-फरोख्त हो सकती है। पार्टी के नेताओं ने इस पर स्पष्ट रूप से अपनी राय भी जाहिर की है। वहीं भाजपा का कहना है कि उसे जोड़-तोड़ की जरूरत ही नहीं होगी, उसकी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करने जा रही है।



राज्य में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल सरकार बनाने का दावा जरूर कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अपने भावी विधायकों की खरीद-फरोख्त की चिंता भी सता रही है। पार्टियों को आंतरिक सर्वे में जिस तरह की रिपोर्ट मिल रही है, उससे वे बहुमत के आसपास पहुंच रहे हैं। यानी जिस भी पार्टी के सामने बहुमत के लिए इक्का-दुक्का विधायक की कमी रहेगी, उसकी भरपाई कैसे होगी, इस पर भी चिंतन-मंथन चल रहा है। दोनों ही दलों की निगाहें जनता कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी की ओर है। इन दोनों दलों ने 2018 के चुनाव में कुल 7 सीटें जीती थी। माना जा रहा है कि इस बार भी इन दोनों दलों के कुछ विधायक आ सकते हैं। इसके अलावा दोनों ही दल एक दूसरे की कमजोर कड़ी भी तलाशने में जुटे हैं। यानी ऐसे नेताओं या भावी विधायकों पर नजर रखी जा रही है, जो असंतुष्ट रहे हैं या हो सकते हैं। यही वजह है कि दोनों ही दल अपने प्रत्याशियों की अभी से घेराबंदी कर रहे हैं। कांग्रेस ने तो अपने उम्मीदवारों को जीत का सर्टिफिकेट लेने के तत्काल बाद रायपुर पहुंचने की हिदायत भी दे दी है। पता तो यह भी चला है कि भावी विधायकों की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है।

गौरतलब है कि प्रदेश की कुल 90 सीटों में बहुमत के जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए किसी भी दल को कुल 46 सीटों की दरकार होगी। विगत चुनाव में कांग्रेस ने 69 सीटों के साथ अभूतपूर्व जीत दर्ज की थी। जबकि भाजपा को महज 15 सीटें ही नसीब हुई थी। चुनाव पूर्व हुए सर्वेक्षणों में दोनों दलों के बीच कड़े मुकाबले की संभावना जाहिर की गई थी। कांग्रेस पार्टी ने इस चुनाव में 75 पार का नारा दिया है। जबकि भाजपा, कांग्रेसियों के इस नारे को हवा-हवाई बता रही है। मतदान के बाद भाजपा के सीनियर नेता सरकार बनाने को लेकर आश्वस्त दिख रहे हैं। वहीं कांग्रेस भी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने का दावा कर रही है। प्रदेश में अभी तक कोई एग्जिट पोल नहीं आया है मगर मतदाताओं के रूझान के आधार पर कड़े मुकाबले की चर्चा चल रही है। भाजपा ने 55 सीटें जीतने की बात कही है। हालांकि उसके नेता 46 से 49 के बीच सीटें आने की बातें भी कह रहे हैं।

इस बार छत्तीसगढ़ में मुकाबला वाकई जोरदार रहा है। यहां तक कि राज्य की अफसरशाही, जो पहले से ही नतीजों की सटीक भविष्यवाणी करती रही है, वह भी इस बार असमंजस में है। इसकी वजह यह है कि दोनों ही दलों को 35 या इसके आसपास सीटें मिलना तो तय है। वहीं करीब 20 ऐसी सीटें भी है, जहां दोनों पार्टियों के बीच कड़ा मुकाबला है। हालात यह है कि ऊंट किसी भी करवट बैठ सकता है। यही वजह है कि दोनों दलों को अपने लिए संभावनाएं नजर आ रही है। इस विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल कांग्रेस के अलावा भाजपा और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी समेत कुछ और स्थानीय दलों ने चुनाव में भाग्य आजमाया है। दोनों प्रमुख दलों के अलावा बाकी पार्टियों के प्रत्याशी किसके वोट काट रहे हैं, इस पर भी कयासों का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 7 व 17 नवम्बर को मतदान हुआ, जबकि मतगणना 3 दिसम्बर को होनी है। क्योंकि इस बार क्लोस फाइट के हालात है, इसलिए दोनों ही दलों को 3 दिसम्बर का बेसब्री से इंतजार है।

### दोनों दलों ने कहा,- नहीं पड़ेगी जोड़-तोड़ की जरूरत

इधर, दोनों ही दलों के प्रादेशिक शीर्ष नेता दावा कर रहे हैं कि उन्हें पूर्ण बहुमत मिलना तय है, इसलिए तोड़-तोड़ की जरूरत ही नहीं होगी। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में भी जोड़-तोड़ की कोशिश की थी मगर वहां वे सफल नहीं हो पाए। पहली बात तो यह है कि हमारी पार्टी का हर विधायक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं और दूसरी बात हम इतनी बड़ी संख्या में विधायकों के साथ दोबारा सरकार बनाने जा रहे हैं कि भाजपा का कोई भी षडयंत्र नहीं चलने वाला है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. रमन सिंह ने साफतौर पर कहा कि उनकी पार्टी को किसी भी तरह के जोड़ तोड़ की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी को तैयार है। डॉ. रमन के मुताबिक, पीएम मोदी की गारंटियों को प्रदेश वासियों ने सहर्ष स्वीकार किया है। लोगों को भाजपा के 15 वर्षों का सफल कार्यकाल भी याद है।

## इन 10 सीटों पर आएंगे सबसे पहले नतीजे दुर्ग जिले की 3 सीटें शामिल

छत्तीसगढ़ में आम से लेकर खास तक सभी को 3 दिसंबर का इंतजार है। 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के रिजल्ट घोषित होंगे। विधानसभा चुनावों के लिए प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं। ऐसे में लोगों में उत्सुकता है कि सबसे पहले किस विधानसभा सीट का रिजल्ट आएगा। राज्य की ऐसी 10 सीटें हैं, जहां सबसे पहले नतीजे घोषित होंगे। इनमें दुर्ग जिले की 3 सीटें भी शामिल है। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान हुए हैं। पहले फेज के लिए 20 सीटों पर 7 नवंबर और दूसरे फेज के लिए 70 सीटों पर 17 नवंबर को वोटिंग हुई थी। विधानसभा चुनाव के लिए राज्य में कुल 24137 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। वहीं, वोटों की काउंटिंग कुल 1724 राउंड में होगी। वोटिंग के बाद ईवीएम को कड़ी निगरानी में स्ट्रॉंग रूम में रखा गया है। कई विधानसभा सीटों पर कांग्रेस कार्यकर्ता भी मतगणना स्थल की पहरेदारी के लिए शिफ्ट में ड्यूटी कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए काउंटिंग सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मनेन्द्रगढ़ विधानसभा सीट का रिजल्ट सबसे पहले आएगा। मनेन्द्रगढ़ विधानसभा सीट में वोटों की गिनती सबसे पहले होगी क्योंकि यहां गिनती 11 राउंड में होगी। उसके बाद भिलाई नगर विधानसभा सीट में 12 राउंड में गिनती होगी। मनेन्द्रगढ़ और भिलाई नगर के अलावा रायपुर उत्तर, बस्तर, दुर्ग शहर, पामगढ़, जांजगीर-चांपा, दुर्ग ग्रामीण, बिलासपुर और राजनांदगांव विधानसभा सीट के रिजल्ट सबसे पहले आएंगे।छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की जिन सीटों का रिजल्ट सबसे पहले आएगा, उनमें से कई विधानसभा सीटें ऐसी हैं जिसमें बीजेपी और कांग्रेस के दिग्गज नेता चुनाव मैदान में हैं। राजनांदगांव से पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा सीट से ताम्रध्वज साहू, जांजगीर-चांपा विधानसभा सीट से बीजेपी नेता नारायण चंदेल चुनाव मैदान में हैं।

## कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी कई इलाकों में बर्फबारी से बढ़ेगी ठंड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार से सोमवार तक मुंबई में बारिश का अनुमान जताया है। साथ ही मौसम विभाग ने गुजरात, महाराष्ट्र के तटीय इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। अनुमान के मुताबिक अगले हफ्ते दक्षिणी राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी बारिश हो सकती है। महाराष्ट्र के थाणे, पालघर और रायगढ़ में भी शनिवार और रविवार को भारी बारिश का अनुमान है।



मौसम विभाग के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में रविवार को कुछ जगहों पर बारिश और बर्फबारी हो सकती है। हिमाचल में ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का अनुमान है, जिससे मैदानी इलाकों में भी ठंड बढ़ सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि जम्मू कश्मीर में जल्द ही तापमान में और गिरावट आने के आसार हैं। कश्मीर में अभी धुंध छाई हुई है और अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही रहने के आसार हैं। जम्मू कश्मीर में भी अगले हफ्ते हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार हैं।

### बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का क्षेत्र बनने से होगी बेमौसम बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसके असर से कई राज्यों में बेमौसम बरसात हो सकती है। बता दें कि तमिलनाडु और केरल में पहले से ही भारी बारिश हो रही है। तमिलनाडु में तो भारी बारिश के चलते राजधानी चेन्नई में स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं। तमिलनाडु और पुडुचेरी में तूफान आने की भी आशंका जाहिर की गई है।

## कोहरे के कारण सारनाथ एक्सप्रेस दिसंबर से फरवरी के बीच तीन माह रहेगी रद्द

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** उत्तर भारत में शरद ऋतु के दौरान संबावित कोहरे के कारण रेलवे द्वारा एहतीयातन ट्रेनों को रद्द किया जाता है। अभी कोहरा शुरू भी नहीं हुआ और रेलवे ने ट्रेनों को रद्द करने की सूचना देना शुरू कर दिया है। कोहरे का असर दुर्ग से छपरा जाने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन पर भी पड़ रहा है। संभावित कोहरे को देखते हुए उत्तर पूर्व रेलवे के द्वारा छपरा-दुर्गङ्कछपरा सारनाथ एक्सप्रेस को 2 दिसम्बर, 2023 से 29 फरवरी, 2024 के बीच अलग अलग तिथियो में रद्द किया जा रहा है।





### 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को इन तिथियों पर रहेगी रद्द

दिसम्बर-2023 : दिनांक 02, 04, 06, 09,11, 13, 16, 18, 20, 23, 25, 27, एवं 30 दिसम्बर को रद्द रहेगी।

जनवरी -2024 : दिनांक 01, 03, 06, 08, 10, 13, 15, 17, 20, 22, 24, 27, 29 एवं 31जनवरी को रद्द रहेगी।

फरवरी 2024 : दिनांक 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26 एवं 28 फरवरी को रद्द रहेगी।

### 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस इन तिथियों में रहेगी रद्द

दिसम्बर 2023 : दिनांक 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28 एवं 31 दिसम्बर को रद्द रहेगी।

जनवरी 2024 : दिनांक 02 04, 07, 09, 11,14 16,18, 21, 23, 25, 28 एवं 30 जनवरी को रद्द रहेगी।


फरवरी 2024 : दिनांक 01, 04, 06, 08, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 एवं 29 फरवरी को रद्द रहेगी।

### गोंदिया-बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस बदले रूट पर चलेगी

रायपुर। अधोसंरचना विकास हेतु मंडल के चंदिया रोड स्टेशन में तीसरीकरण लाइन कमीशनिंग हेतु प्री एनआई व एनआई का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के फलस्वरुप 24 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2023 तक गाड़ी संख्या 15231/15232 गोंदिया-बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को रद्द किया गया था। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा इस गाड़ी को उपरोक्त अवधि में रिस्टोर करते हुये इसका परिचालन परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट होकर चलने का निर्णय लिया गया है । उपरोक्त अवधि में ये गाड़ी कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट होकर अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।

## संयंत्र में महिला एजीएम का हंगामा : ट्रेनी के सिर पर मारा टिफिन, कंप्यूटर को टेबल से फेंका, प्रबंधन ने किया सस्पेंड

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के इस्पात भवन में कार्यरत महिला एजीएम ने शुक्रवार को दफ्तर में जमकर हंगामा मचाया। महिला एजीएम ने यहां काम कर रही ट्रेनी के सिर पर न सिर्फ टिफिन फेंककर मारा बल्कि दफ्तर में मौजूद कंप्यूटर को भी टेबल से नीचे फेंक दिया। यही नहीं महिला एजीएम ने दस्तावेजों पर भी पानी डाल दिया। यह पूरी घटना दफ्तर में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। शिकायत के बाद प्रबंधन ने पर्याप्त सुबूत मिलने पर महिला एजीएम को सस्पेंड कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार यह पूरी घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। प्रियंका होरो नाम की महिला संयंत्र में इंटरनल ऑडिट विभाग में एजीएम के पद पर कार्यरत है। शुक्रवार दोपहर को प्रियंका होरो ने दफ्तर में जमकर हंगामा किया। प्रियंका होरो की पूरी हरकत सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में साफतौर पर देखा जा सकता है कि प्रियंका होरो किस तरह ट्रेनी कर्मी से पेश आ रही हैं। एजीएम प्रियंका होरो ने ट्रेनी के सिर पर उसका टिफिन फेंककर मार दिया। इसके बाद कंप्यूटर को टेबल से नीचे फेंक दिया। इतने से भी दिल नहीं भरा तो उसने दस्तावेजों पर पानी डाल दिया।

सिर पर टिफिन फेंककर मारने से ट्रेन कर्मी को चोट आई है उन्हें अस्पताल भी ले जाया गया। इधर इस पूरे मामले में शिकायत मिलने पर प्रबंधन ने कार्रवाई की है। प्रबंधन ने एजीएम प्रियंका होरो को सस्पेंड कर दिया है। प्रबंधन ने दफ्तर में लगे सीसी टीवी फुटेज भी जुटा लिए हैं। बताया जा रहा है प्रबंधन इसकी शिकायत सेल से भी की है। संभवत: इस मामले में इंक्वायरी हो सकती है। यही नहीं आगे बड़ी कार्रवाई भी हो सकती है। भिलाई स्टील प्लांट के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि महिला एजीएम की शिकायत पर कार्रवाई हुई है।

इस मामले में एजीएम प्रियंका ने प्रबंधन द्वारा प्रताड़ित किए जाने की बात कही है। उन्होंने बताया कि वह इस विभाग में करीब 8 साल से काम कर रही हैं। यहां बैठने के लिए कुर्सी और टेबल तक नहीं दिया जाता और लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। जबकि ट्रेनी कर्मियों को सभी सुविधाएं दी जा रही हैं।




## संपादकीय

# भारतीयों की जिंदगी

उत्तरकाशी का सिलक्यारा सुरंग हादसा और उसके बाद चला बचाव अभियान न केवल प्रशंसनीय, बल्कि अनुकरणीय भी है। विशेष रूप से बचाव कार्य से यह सहज आभास हो जाता है कि हम भारतीय अपने जीवन और उसके मूल्य को लेकर कितने सजग हो गए हैं। हमारे लिए एक-एक भारतीय की जान कीमती है और हादसे के बाद एक क्षण के लिए भी यह एहसास नहीं होने दिया गया है कि बचाव में कोई कोताही बरती जा रही है। सुरंग में फंसे 41 हमवतन मजदूर किसी वीर योद्धा से कम नहीं हैं। जब अचानक ऐसा कोई हादसा होता है, तो संयम और मनोबल बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती होती है। सभी 41 मजदूरों की प्रशंसा होनी चाहिए और बचाव कार्य में लगे उन तमाम मजदूरों और विशेषज्ञों की भी पीठ थपथपाने की जरूरत है, जिन्होंने मौके पर मोर्चा संभाल रखा है। तारीफ करनी चाहिए, उस इंजीनियर या अधिकारी की, जिसकी चतुराई से सुरंग में एक पाइप पहले ही बिछ गई थी और लगभग 60 मीटर तक मलबा गिरने के बावजूद कारगर जीवन-रेखा बनी हुई है। देश में जहां कहीं भी सुरंगें बन रही हैं, वहां ऐसी जीवन-रेखा का पहले ही बिछ जाना कितना जरूरी है, यह सबने देख लिया है। पाइप के स्वरूप में यह जीवन-रेखा इस हादसे का एक बहुमूल्य सबक है। ऐसा सुरंग हादसा भारत में पहले कभी नहीं देखा गया था और न ऐसा बचाव अभियान कभी चला है। जहां भारत के तमाम सुरंग विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है, वहीं विदेशी मशीनों और विदेशी विशेषज्ञों की मदद लेने में भी कोई संकोच नहीं है। भारत को अपनी तरक्की में किसी भी विशेषज्ञ मदद का लाभ लेने में हिचकना नहीं चाहिए और जहां बात भारतीयों के जीवन की आती है, तो उससे भी समझौते की कोई गुंजाइश नहीं छोड़नी चाहिए। अगर सुरंग निर्माण में लगी कंपनियां किसी भी स्तर पर उदासीनता या लापरवाही बरत रही हैं, तो उन्हें पाबंद करने की जरूरत है। अगर सुरंग निर्माण की निगरानी के लिए नए नियामक या नए नियमों की जरूरत है, तो इसमें देरी करना ठीक नहीं। सुरंग परियोजनाओं में वैज्ञानिकों को साथ रखने में ही सभी कंपनियों की भलाई है। आज बचाव कार्य में जो खर्च करना पड़ रहा है, वह सुरंग के सुरक्षित निर्माण में भी खर्च हो सकता था। यह भी एक अच्छी बात है कि बचाव कार्य की देख-रेख प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी कर रहे हैं और तभी बचाव कार्य में किसी भी तरह की कमी की आशंका नहीं है। इससे यह भी पता चलता है कि भारतीयों की जिंदगी को सरकार कितना महत्व दे रही है। 41 मजदूर केवल एक संख्या नहीं हैं, बल्कि हमारी तरक्की और गौरव का अहम हिस्सा हैं। जो देश अपने लोगों की परवाह करता है, वही तेजी से विकास करता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने बिल्कुल सही कहा कि भारत अपने सुपूतों को बचाने के लिए युद्ध लड़ रहा है। ऐसे बचाव अभियान वाकई युद्ध स्तर पर ही चलाए जाने चाहिए। जिन अधिकारियों ने मजदूरों को चिंता न करने के लिए समझाया है, लूडो, योग और चोर-पुलिस जैसे खेलों के लिए प्रेरित किया, उनकी भी प्रशंसा होनी चाहिए। जो भारतीय आज के समय में देश के विकास के लिए बेहद मुश्किल कामों में लगे हैं, जिनकी जिंदगी हर पल चुनौतियों से घिरी हुई है, उन सभी की बेहतरी के बारे में भी सोचने और जरूरी कदम उठाने का वक्त आ गया है।

> “ जहां भारत के तमाम सुरंग विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है, वहीं विदेशी मशीनों और विदेशी विशेषज्ञों की मदद लेने में भी कोई संकोच नहीं है। भारत को अपनी तरक्की में किसी भी विशेषज्ञ मदद का लाभ लेने में हिचकना नहीं चाहिए और जहां बात भारतीयों के जीवन की आती है, तो उससे भी समझौते की कोई गुंजाइश नहीं छोड़नी चाहिए।

## करे कोई, भरे कोई

दुनिया जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणाम भुगत रही है। संयुक्त राष्ट्र यह ताजा चेतावनी है कि अभी जो रफ्तार है, उससे ही सब कुछ चलता रहा, तो इस सदी के अंत तक धरती का तापमान औद्योगिक युग शुरू होने के समय की तुलना में तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका होगा। वैज्ञानिक दशकों से चेतावनी दे रहे हैं कि डेढ़ डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ोतरी का मतलब विनाश है। ऐसा होना शुरू हो चुका है। इसके बावजूद दुनिया में ना सिर्फ सब कुछ यथावत चल रहा है, बल्कि अब तो दिशा भी पलट रही है। कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के बाद बनी परिस्थितियों में यूरोपीय देशों में भी वैसी ऊर्जा का चलन बढ़ने लगा है, जो पहले जलवायु की समस्या को लेकर अधिक संवेदनशील नजर आते थे। तो आखिर ऐसा कैसे और क्यों हो रहा है? हालांकि यह कोई नया तथ्य नहीं है, लेकिन एक ताजा अध्ययन रिपोर्ट ने इस पहलू को उजागर किया है। गैर-सरकारी संस्थाओं ऑक्सफेम और स्टॉकहोम इनवायरनमेंट इंस्टीट्यूट ने अपने अध्ययन से इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि दुनिया के सबसे धनी एक प्रतिशत लोग उससे भी ज्यादा कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं, जितना सबसे गरीब 66 फीसदी लोग करते हैं।

इस अध्ययन में बताया गया है कि दुनिया के सात करोड़ 70 लाख लोग एक प्रतिशत अमीर की श्रेणी में आते हैं। इनमें अरबपतियों और करोड़पतियों के अलावा वे लोग शामिल हैं, जिनकी सालाना आय एक लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर (साढ़े 11 करोड़) से ज्यादा है। यह रिपोर्ट 2019 के आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई है। उसके मुताबिक कुल कार्बन उत्सर्जन में इस एक फीसदी आबादी का हिस्सा 16 प्रतिशत है। ये वो तबका है, तो असल में दुनिया पर राज कर रहा है- जो सारी नीतियों और निर्णयों को अपने मुताबिक ढलवाने में कामयाब रहता है। यह तबक अपनी जीवन शैली पर कोई समझौता नहीं करना चाहता। रिपोर्ट में इसे कार्बन इलीट कहा गया है, जो एयरकंडीशंड माहौल में रहते हुए जलवायु परिवर्तन के प्रत्यक्ष परिणामों से बचा रहता है। जबकि उसकी करनी का असर वे आम लोग रहे हैं, जिनका उत्सर्जन में योगदान बेहद कम है।

## भाजपा में कांग्रेसी नेताओं का बढता महत्व

एक समय था, जब भारतीय जनता पार्टी में बाहरी लोगों के लिए कोई जगह नहीं होती थी। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाजपा नेताओं की नर्सरी होती थी। वहीं से नेता निकलते थे। अब भी निकलते हैं लेकिन अब भाजपा ने लैटरल एंट्री के दरवाजे खुल गए हैं। जिस तरह से निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को सरकारी विभागों में लेटरल एंट्री दी जा रही है और सीधे संयुक्त सचिव बनाया जा रहा है, जो पहले आईएएस अधिकारियों के लिए ही आरक्षित थी उसी तरह भाजपा में दूसरे पार्टियों के 'विशेषज्ञ नेता' एंट्री ले रहे हैं और सीधे मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव आदि बन रहे हैं। राजनीति में विचारधारा के लोप का यह प्रत्यक्ष असर है।

बहरहाल, यह प्रक्रिया पिछले कई बरसों से चल रही है। अभी गोवा की घटना ने इस ओर फिर से ध्यान दिलाया है। गोवा में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार है। 40 सदस्यों की विधानसभा में भाजपा के अपने 28 विधायक हैं और इसके अलावा महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के दो और तीन निर्दलीय विधायकों का भी समर्थक है। इसका मतलब है कि विपक्ष में सिर्फ सात विधायक हैं, जिसमें कांग्रेस के तीन हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 11 विधायक जीते थे, जिसमें से आठ पाला बदल कर भाजपा में चले गए हैं। पहले भी भाजपा के जीते हुए 20 लोग में अनेक ऐसे हैं, जो कांग्रेस से आए थे और पार्टी ने टिकट दिया था। अब भाजपा ने अपने एक पुराने और प्रतिबद्ध नेता नीलेश कबराल को मंत्री पद से हटा दिया है और उनकी जगह कांग्रेस से आए अलेक्सो सिक्वेरा को मंत्री बनाया है। कबराल ने कहा कि उनको पार्टी के लिए बलिदान देने को कहा गया।

> “ हमास के पास उत्तरी गाजा में अपने लड़ाकों को बदलकर नई कुमुक लाने का कोई रास्ता नहीं नज़र आता है। युद्धविराम के बाद संभव है कि वो स्वयं को चारों तरफ से घिरा हुआ महसूस करें। शिफा अस्पताल से लगी सुरंग बंद है। दूसरी सुरंगों से मिलने वाले रसद-गोले बारूद का कोई रास्ता नहीं है। हमास का सप्लाई नेटवर्क इतना अवरुद्ध है कि लड़ाके ढीले पड़ने लगे हैं।

# गाजा में युद्धविराम के यक्ष प्रश्न

पुष्परंजन



मंगलवार रात को गाज़ा में लड़ाई रोके जाने पर सहमति बनी, बुधवार को घोषणा की गई कि गुरुवार सुबह से युद्ध को अस्थायी रूप से विराम दिया जाएगा। लेकिन लड़ाई रुकी नहीं, बल्कि और तेज होने लगी। युद्धविराम से पहले गाजा के सिटी सेंटर के जितना करीब संभव हो सके, इस्राइली सैनिकों के पहुंचने की कोशिशें तेज हो चुकी थीं। इस्राइली बलों को सेफ्टी कवर देते हुए हवाई बमबारी जारी रही। ऐसे में आप कैसे मान लेंगे कि सब कुछ आसान है, और नेतन्याहू की नीयत साफ है?

नीयत दूसरी ओर भी साफ नहीं है। कतरी मध्यस्थों के माध्यम से हमास से जो स्पष्टीकरण अपेक्षित थे, आरम्भ में वो प्रतिक्रिया देने से चुप रहते थे। गुरुवार दोपहर को कतर विदेश मंत्रालय ने हमास की तरफसे हरी झंडी मिलने की बात कही। फिर तय हुआ कि संघर्ष विराम शुक्रवार सुबह 7 बजे शुरू होगा, और 13 इस्राइली बंदियों के पहले समूह को शाम 4 बजे रिहा किया जाएगा। इस सौदे में सबसे संदिग्ध चेहरा हमास नेता याह्या सिनवार बताया गया है, जिसके वादों पर भरोसा करना इस्राइली पक्ष के लिए मुश्किल है।

कुछ सैन्य इतिहासकार इसे अतीत के युद्धविराम से भिन्न मानते हैं। शुक्रवार सुबह 7 बजे तक का समय बढ़ाने और बंदूकों के गरजने से रोकने के पीछे यही रणनीति थी, कि गाजा के अधिकाधिक इलाके इस्राइली सैनिकों के हाथ में आ जाएं। इस थ्योरी को आगे बढ़ाने में इस्राइली लालफीताशाही ने भरपूर मदद की है। संघर्षविराम को दो बार स्थगित करने का एक कथित कारण यह था कि समझौते पर कतर और हमास द्वारा औपचारिक रूप से हस्ताक्षर नहीं किए गए थे, केवल आधिकारिक तौर पर घोषणा की गई थी कि युद्धविराम पर सहमति हो गई है। रिहा किए जाने वाले लोगों की सूची में नामों को स्पष्ट करने में भी लालफीताशाही की अपनी शरारत थी।

लगता है कि इस्राइली सैन्य कमान को बता दिया गया था कि युद्धविराम के आदेशों को जितना संभव हो, देर से लागू करो, इस बीच हमास प्रभावित इलाकों को हथियाते हुए आगे बढ़ो। दांत दिखाने और खाने के अंतर को आप यहां भी देख सकते हैं। 'आइए लड़ाई रोकें और लोगों का आदान-प्रदान करें', राजनेताओं के ऐसे बयान सुनिये, तो लगता है कि दुनियाभर की अपील काम कर गई है। इस शब्दजाल को इस्राइली सेना भी समझ रही थी, और दूसरी ओर हमास मिलिटेंट्स भी।

कतर ने गुरुवार को घोषणा की थी, 'लड़ाई रुकने के ठीक नौ घंटे बाद, बंदियों का पहला जत्था शुक्रवार शाम 4 बजे रिहा किया जाएगा।' लेकिन युद्धक्षेत्र में शाम के समय बंदियों के आदान-प्रदान को सामान्यत: सुरक्षित नहीं माना जाता है। बंदियों के तबादले के बाद हमास के पास ह्यूमन शील्ड की संख्या कम पड़ती जाएगी, ऐसा भी लगने लगा है, क्योंकि ज्यादातर नागरिक दक्षिणी गाजा की तरफ शिफ्ट हो चुके हैं। आईडीएफ (इस्राइली डिफेंस फोर्स) के प्रवक्ता ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिक उत्तर की तरफ आने की हिमाकत न करें। इससे लगता है कि नार्थ का जो हिस्सा आईडीएफके कब्जे में आ चुका है, उसे वो छोड़ने वाले नहीं।

यों, 13 नवंबर की रिपोर्टों से पता चलता है कि उत्तरी गाजा में हमास की 10 बटालियनों को नष्ट कर दिया गया था। इसका मतलब है कि उनके कई कमांडर अब जीवित नहीं बचे हैं। गाजा में हमास की करीब 24 बटालियनें हैं। इन बटालियनों में 140 कंपनियों के होने का अनुमान लगाया जाता रहा है। एक कंपनी में आमतौर पर 100 लड़ाके होते हैं। 7 अक्टूबर को हमास के पास लगभग 30,000 लड़ाके थे। उनमें से कुछ इस्राइल पर हमला करते हुए मारे गए, कुछ को हिरासत में लिया गया है। सैन्य विशेषज्ञ बताते हैं कि हमास मरीन कमांडो जैसी कई विशेष इकाइयों को समाप्त कर दिया गया है। हमास की मुख्य लड़ाकू इकाई बटालियन स्तर है। जिनमें टैंक रोधी मिसाइलें, स्नाइपर्स, रॉकेट और मोर्टार को एक्टिव करने वाले एक्सपर्ट व सैनिक शामिल हैं। ऐसा लगता है कि गाजा में हमास की कुछ बटालियनें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। गाजा शहर के उत्तर-पश्चिम में समुद्र तट के पास शिफा अस्पताल के आसपास भी आईडीएफसे लड़ाई में 200 हमास मिलिटेंट्स मारे गए, ऐसा वहां के जानकार बताते हैं।

हमास के पास उत्तरी गाजा में अपने लड़ाकों को बदलकर नई कुमुक लाने का कोई रास्ता नहीं नज़र आता है। युद्धविराम के बाद संभव है कि वो स्वयं को चारों तरफ से घिरा हुआ महसूस करें। शिफा अस्पताल से लगी सुरंग बंद है। दूसरी सुरंगों से मिलने वाले रसद-गोले बारूद का कोई रास्ता नहीं है। हमास का सप्लाई नेटवर्क इतना अवरुद्ध है कि लड़ाके ढीले पड़ने लगे हैं। दूसरी ओर लेबनान बॉर्डर पर हिजबुल्ला के ठिकानों पर इस्राइली हमले के पीछे यही रणनीति है कि उन्हें उलझाकर रखा जाए, ताकि वो हमास की मदद न कर पायें। हिजबुल्ला लीडरशिप लगातार ईरान के संपर्क में है। तेहरान के आक्रामक तेवर से यही लग रहा है कि युद्धभूमि को उसे शांत नहीं रखना है।

ईरानी विदेशमंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान ने गुरुवार को लेबनान में इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन 'हिजबुल्ला' के महासचिव सैयद हसन नसरुल्लाह से मुलाकात की। ईरानी विदेशमंत्री ने अस्थाई युद्धविराम और बंदियों के आदान-प्रदान में अपनी रणनीति को हिजबुल्ला लीडरशिप से साझा किया। बाहर पत्रकारों को यही बयान दिया कि इस्राइल डरा हुआ है, जायोनी दुश्मन की पराजय निश्चित है। लेबनान की यात्रा पूरी करने के बाद ईरानी विदेशमंत्री कतर पहुंच गये हैं, जहां उन्होंने अपने समकक्ष से फिलिस्तीन युद्धभूमि के बदलते हालात पर विचारों का आदान-प्रदान किया। ईरान इस पूरे माहौल में अपना इकबाल बनाये रखना चाहता है, यह उसकी लीडरशिप की गतिविधियों से स्पष्ट हो रहा है।

सबसे बड़ी बात बचे बंधकों को लेकर है। वो कब और किन हालात में छोड़े जाएंगे, यह सब कुछ युद्धस्थल की रणनीतियों पर निर्भर करता है। लंदन स्थित संस्था अल-अरबी-अल-जदीद ने मिस्र के सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि हमास रेडक्रॉस के प्रतिनिधियों को उन स्थलों का दौरा करने की अनुमति देने से इनकार कर रहा है, जहां शेष बंधकों को रखा गया है। हमास की तरफसे बस इतना भर आश्वासन है कि इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रास एंड रेड क्रिसेंट (आईएफआरसी) को इस बारे में अपडेट करते रहेंगे। जेनेवा स्थित आईएफआरसी के महासचिव जगन चापागाईं के लिए भी यह परीक्षा की घड़ी है, जो बंदियों की अदला-बदली को मॉनिटर कर रहे हैं। नेपाल स्थित चितवन ज़िले के दिब्यनगर में जन्में जगन चापागाईं भारत में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके हैं।

# यही विधान हमें आगे की राह दिखाएगा

भीमराव आंबेडकर, संविधान निर्माता



संविधान सभा में अनुसूचित जातियों के स्वार्थों की रक्षा के अतिरिक्त मैं अन्य किसी महानतर आकांक्षा को लेकर नहीं आया था। मुझे स्वप्न में भी यह विचार नहीं आया था कि मुझे और भी बड़े कार्यों को हाथ में लेने के लिए बुलाया जाएगा। इस कारण जब सभा ने मुझे मसौदा समिति में निमंत्रित किया, तो बड़ा आश्चर्य हुआ और जब मुझे मसौदा समिति का सभापति चुना गया, तो और आश्चर्य हुआ। मसौदा समति में मुझसे बड़े, मुझसे अच्छे और मुझसे सक्षम व्यक्ति विद्यमान थे, जैसे मेरे मित्र अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर। ...जो मुझे श्रेय दिया गया है, उसका वास्तव में मैं अधिकारी नहीं हूं। उसके लिए अधिकारी बी एन राउ भी हैं, ... जिन्होंने मसौदा समिति के विचारार्थ संविधान का एक मोटे रूप में मसौदा बनाया। ...सबसे अधिक श्रेय इस संविधान के मुख्य मसौदा लेखक एन एन मुखर्जी को है।...

यदि पक्ष के अनुशासन का कठोरता से पालन किया जाता, तो यह सभा जी हुजूरियों की सभा बन जाती। सौभाग्यवश कुछ द्रोही थे। मुझे प्रोफेसर के टी शाह और पंडित हृदयनाथ कुंजरू का भी उल्लेख करना चाहिए। जो प्रश्न उन्होंने उठाए वे बड़े सिद्धांतपूर्ण थे...। मैं उनका कृतज्ञ हूं। यदि वे न होते, तो मुझे वह अवसर नहीं मिलता, जो मुझे इस संविधान में निहित सिद्धांतों की व्याख्या करने के लिए मिला...।

इस संविधान की निंदा अधिकतर दो क्षेत्रों से की जाती है। साम्यवादी पक्ष द्वारा और समाजवादी पक्ष द्वारा। वे क्यों इस संविधान की निंदा करते हैं? क्या इसलिए कि यह संविधान वास्तव में खराब है? मैं यह कहने का साहस करता हूं कि नहीं है। साम्यवादी पक्ष श्रमिकों की तानाशाही के सिद्धांत पर आधारित संविधान चाहते हैं, वे संविधान की इस कारण निंदा करते हैं कि यह संसदीय लोकतंत्र पर आधारित है। ...समाजवादी यह चाहते हैं कि संविधान में वर्णित मूलाधिकार निरपेक्ष तथा बिना किसी परिसीमा के होने चाहिए, जिससे यदि उनके पक्ष के हाथ में शक्ति आ जाए, तो उन्हें आलोचना करने के लिए ही नहीं, वरन राज्य को उलटने तक के लिए भी पूरी-पूरी आजादी मिल जाए।


...सांविधानिक अर्थ की केवल एक बात है, ...बड़ी शिकायत की गई है कि केंद्रीकरण बहुत अधिक है और राज्यों की स्थिति नगरपालिकाओं जैसी कर दी गई है। यह स्पष्ट है कि यह विचार केवल अतिशयोक्ति ही नहीं है, बल्कि यह इस बात के प्रति मिथ्याधारणा पर भी आधारित है कि संविधान यथार्थ रूप में किन-किन बातों के लिए प्रयास करता है। ...हमारे संविधान के अधीन राज्य अपने विधायी और कार्यपालिका अधिकार के लिए किसी प्रकार से भी केंद्र पर आश्रित नहीं हैं। इस विषय में केंद्र और राज्यों की स्थिति समान है। यह अनुभव करना कठिन है कि ऐसे संविधान को केंद्रवादी किस प्रकार कहा जा सकता है। ...यह हो सकता है कि विधायी तथा कार्यपालिका प्राधिकार के प्रवर्तन के लिए केंद्र को जितना क्षेत्र किसी अन्य संघीय संविधान में दिया गया है, उससे अधिक क्षेत्र इस संविधान में दिया गया हो। ...मैं कह चुका हूं संघीय शासन पद्धति की मुख्य बात यह है कि संविधान द्वारा केंद्र और एककों में विधायी तथा कार्यपालिका प्राधिकार का विभाजन हो। यह सिद्धांत हमारे संविधान में निहित है। इसमें कोई भ्रम हो ही नहीं सकता। अत: यह कहना गलत है कि राज्य केंद्र के अधीन रख दिए गए हैं। केंद्र अपनी स्वेच्छा से उस विभाजन में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता है, न न्यायपालिका कर सकती है।

...केवल राजनैतिक लोकतंत्र से ही हमें संतुष्ट नहीं हो जाना चाहिए। अपने राजनैतिक लोकतंत्र को हमें सामाजिक लोकतंत्र का रूप भी देना चाहिए। सामाजिक लोकतंत्र का क्या अर्थ है? इसका अर्थ जीवन के उस मार्ग से है, जो स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व को जीवन के सिद्धांतों के रूप में अभिज्ञात करता है। ...यदि हम इस संविधान की रक्षा करना चाहते हैं, जिसमें हमने जनता के लिए जनता द्वारा जनता की सरकार के सिद्धांत की प्रतिष्ठा करने का प्रयास किया है, तो हम इस बात का संकल्प करें कि जो बुराइयां हमारे मार्ग में हैं और जिनके कारण जनता के लिए सरकार को जनता द्वारा सरकार से अधिक पसंद करती है, उन बुराइयों को समझने में विलंब न करें और उन बुराइयों को दूर करने के उपक्रम में कमजोरी न दिखाएं। देश सेवा का यही मार्ग है। इससे अच्छे मार्ग से मैं परिचित नहीं हूं।

**( संविधान सभा में दिए गए भाषण के अंश )**

# आशा के अनुरूप नहीं बन सका संविधान

के टी शाह, संविधान सभा सदस्य



अध्यक्ष महोदय, संविधान-विषयक इस वाद-विवाद के अवसर पर मैं समझता हूं कि यह आवश्यक है कि मैं उन भूलों की ओर तथा जान-बूझकर की हुई गलतियों की ओर ध्यान दिलाऊं, जिनके संबंध में यथा समय मैंने संशोधन उपस्थित किए थे। चूंकि उन संशोधनों को, लगभग उनमें से प्रत्येक को, मसौदाकारों ने पसंद नहीं किया, इसलिए मैं यह समझता हूं कि इस अंतिम अवसर पर मैं उन गलतियों की ओर ध्यान आकृष्ट कर दूं। ...मेरे इस कथन से यह न समझा जाए कि मसौदा समिति तथा उसके सभापति और कुछ अन्य सदस्यों ने जो कठिन परिश्रम किया है तथा जिस बुद्धिमत्ता और सावधानी का परिचय दिया है, उसकी मैं प्रशंसा नहीं करता।

...मेरे विचार से यह संविधान दूषित है और इस कारण उस स्वरूप को प्राप्त नहीं है, जिस स्वरूप की हमें आशा थी। ... हो सकता है कि संविधान का स्वरूप लोकतांत्रिक हो और उसका लक्ष्य भी लोकतंत्र ही हो। किन्तु यदि कोई व्यक्ति इस संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों की सावधानी से परीक्षा करे, तो उसे ज्ञात हो जाएगा कि लोगों का शासन, लोगों के लिए शासन और लोगों द्वारा शासन के रूप में लोकतंत्र की मंजिल अभी बहुत दूर है। ... बहाना यह बनाया गया है कि अभी हम लोकतंत्र को पूर्ण रूप से व्यवहार में लाने के उपायों को अपनाने के योग्य नहीं हुए हैं। हमसे कहा गया है कि हमें अधिक अनुभव की आवश्यकता होगी और अधिक शिक्षा की भी आवश्यकता होगी। ...आपका जनसाधारण पर विश्वास नहीं है। इससे भी अधिक सच्चाई इस कथन में है कि आपको अपने नेताओं पर ही विश्वास नहीं है। ...सम्पूर्ण संविधान में कोई भी ऐसी बात नहीं है, जिससे यह प्रकट होता हो कि ये अधिकार और स्वतंत्रताएं केवल कागज पर लिखे हुए अधिकार नहीं रहेंगे...।

मेरे विचार से इस संविधान में मूलाधिकार तथा नागरिक स्वतंत्रताओं के विषय में जो अध्याय है, उससे अधिक दुखद अध्याय और कोई नहीं है। ...आप पूर्ण अधिकार इसलिए नहीं दे रहे हैं, क्योंकि आपको भय है कि लोकतंत्र नृशंस समूहतंत्र में बदल जाएगा। इसलिए आपने नागरिकों के आभार—विषयक अध्याय को प्रतिबंधित किया है। ... इस देश में कार्यशील लोकतंत्र अभी भविष्य की ही व्यवस्था है। कम से कम उसे इस संविधान में कोई स्थान नहीं मिला है।

...प्रशासन को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए इस सभा में बार-बार प्रयत्न किए गए, किंतु वे उतने सफल नहीं हुए, जितने सफल होने की मुझे आशा थी। ... बहुत से निकायों के पारस्परिक संबंध, विभिन्न अंगों की स्थापना तथा स्थानीय स्थापित शासन का स्वरूप ही बहुत सीमित है। यदि आप केंद्र के तथा स्थानीय एककों (राज्यों) के, कृत्यों अथवा विषयों से संबद्ध अनुसूचियों की परीक्षा करें, तो आपको विदित हो जाएगा कि स्थानीय एककों को बिल्कुल अशक्त बनाया गया है। अपने कर्तव्यों का सुचारु रूप से निर्वहन करने के लिए न तो उनके पास शक्ति है और न धन ही। मुझ से पूर्व बोलने वाले एक वक्ता महोदय यह कह चुके हैं कि वास्तविक स्वशासन तथा लोकतंत्र केवल एककों (या राज्यों) में ही सम्भव है। केंद्र में केवल एककों के प्रतिनिधियों के प्रतिनिधि होने चाहिए...।

...वह तथ्य यह है कि जिस रूप में संविधान इस समय है, उस रूप में उसके द्वारा वास्तविक व्यावहारिक लोकतंत्र का उतना विकास नहीं होगा, जितना फासिज्म का विकास होगा। एककों की अपेक्षा केंद्र में इसका खतरा अधिक है। संविधान में आपने राज्य के प्रधान में, जो वास्तव में नाममात्र का प्रधान होगा और प्रधानमंत्री उसके नाम पर काम करेगा, शक्तियों का केंद्रीकरण किया है और इस कारण यदि प्रधानमंत्री चाहे, तो वह वास्तव में एक तानाशाह हो सकता है। इस दशा में मंत्रिमंडल के सहकारी तथा संसद भी केवल उसके रजिस्ट्री के दफ्तर का रूप धारण कर लेगी। ...

मैं यह कहने के लिए तैयार हूं कि अनेक दोषों के होते हुए भी हम इस संविधान को इस प्रकार व्यवहार में लाएं कि इसमें सन्निहित भावना से हमारा पथप्रदर्शन हो तथा इसी की छत्रछाया में हम आगे बढ़ें। ...मुझे विश्वास है कि दोषों तथा कमजोरियों के होते हुए भी इस संविधान को इस प्रकार क्रियान्वित किया जा सकता है कि थोड़े ही समय में वास्तविक लोकतंत्र स्थापित हो जाएगा और यदि निकट भविष्य में नहीं, तो पांच या दस वर्षों में यहां के लोग अपने देश के वास्तविक शासक हो जाएंगे।

**( संविधान सभा में दिए गए भाषण के अंश )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW

www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634

# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### जिले में कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र किए गए घोषित

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने रायपुर जिले में चिन्हित क्षेत्रों के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (जोन्स ऑफसाइलेंस) घोषित किया है। जारी निर्देश के अनुसार इसके अंतर्गत समस्त शासकीय, अशासकीय हॉस्पीटल, समस्त शासकीय अशासकीय शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय और मंत्रालय, संचालनालय, तथा समस्त शासकीय कार्यालय चिन्हित क्षेत्रों में शामिल होंगे। इनके 100 मीटर के परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसमें भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के हॉस्पीटल, शैक्षणिक संस्थान एवं कार्यालय शामिल होंगे। माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी अन्तरिम आदेश के परिपालन में शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक गतिविधियों, वृद्धजनों, नि:शक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए, कोलाहल नियम 1985 तथा ध्वनि प्रदुषण नियम 2000 में प्रदत्त शक्तियों के तहत कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। कलेक्टर ने सक्षम अधिकारी को कडाई से पालन कराने के निर्देश दिए है।

### पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का हो रहा आयोजन

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पुरूष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 नवंबर से 4 दिसंबर 2023 तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। परिवार नियोजन में पुरूष की भागीदारी को बढ़ावा देने और नसबंदी तरीको व उपयोग को बढ़ावा देने के लिए हर साल पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं पर ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण और सुनिश्चित पुरूष परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की जा रही है। यह पखवाड़ा दो चरणों में आयोजित किया जायेगा। पहला चरण मोबालाइजेशन एवं द्वितीय चरण सेवा वितरण चरण के रूप में मनाया जायेगा। गांव-गांव में स्वास्थ्य विभाग के महिला पुरूष कार्यकर्ता के द्वारा पुरूष नसबंदी पखवाड़ा को लेकर जागरूकता अभियान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पुरूष नसबंदी में मात्र 10 मिनट का समय लगता है। बिना चीरा, टाँका के आपरेशन किया जाता है एवं नसबंदी के तुरंत बाद घर जा सकते है।

### संविधान दिवस कल मनाया जाएगा

**बालोद।** सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों के अलावा सभी शासकीय संस्थानों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण सभी शासकीय संस्थानों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा संविधान की प्रस्तावना का ऑनलाईन पाठन हेतु निर्मित वेब पोर्टल को ओपन कर भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़े जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा 26 नवंबर को 'भारत लोकतंत्र की जननी' विषय पर ऑनलाईन क्वीज़ में शामिल होने हेतु वेब पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। इस ऑनलाईन क्वीज़ में भारत के सभी नागरिक भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। जिन स्थानों में कम्प्यूटर, मोबाईल एवं इंटरनेट की सुविधा नही है वहाँ पूर्व की भाँति ऑफ्लाईन मोड में संविधान की प्रस्तावना का पाठन करने के निर्देश दिए हैं।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे द्वारा बुनियादी संरचना के विकास के नए क्षितिज का निर्माण

## तेजी से हो रहा अनुपपुर-कटनी व राजनांदगांव-कलमना तीसरी लाइन तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन का निर्माण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने विगत वर्षों में अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत बुनियादी संरचना के विकास के क्षेत्र मे नए क्षितिज का निर्माण किया है। यात्री सुविधाओं की दृष्टि से स्टेशनों में फूट ओवर ब्रिज के निर्माण, रेल लाइनों को क्रास करने वाली सड़क मार्ग के यात्रियों के लिए रोड ओवर ब्रिज, रोड अंडर ब्रिज, सब-वे आदि के निर्माण हो या अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नई रेल लाईन, दोहरीकरण, तीसरी लाईन एवं चौथी लाईन के निर्माण एवं आमान परिवर्तन जैसी अनेक महत्वपूर्ण बड़ी परियोजनाओं को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पूर्ण किया गया है ।





दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलो बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर के अंतर्गत नई रेल लाईन, दोहरीकरण, तीसरी लाईन एवं चौथी लाईन के निर्माण परियोजना पर तेजी से कार्य किए जा रहे है। आधारभूत संरचनाओं के विकास से संबन्धित कार्यों में अनुपपुर-कटनी तीसरी लाइन, राजनांदगांव-कलमना तीसरी लाइन एवं बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन शामिल है। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षमता आवर्धन में वृद्धि होगी जिससे भविष्य में नई गाड़ियों का परिचालन किया जा सकेगा, इन खंडो में गतिशीलता में वृद्धि होगी, जिससे ट्रेनों की गति में वृद्धि के साथ साथ यात्री गाड़ियों का समयबद्ध परिचालन सुनिश्चित होगा।

### बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन परियोजना

इस परियोजना के अंतर्गत बिलासपुर से झारसुगुड़ा के मध्य 206 किमी चौथी लाइन का निर्माण लगभग 2100 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जा रहा है । इस परियोजना के अंतर्गत अब तक ब्रजराजनगर-लजकुरा, चांपा-सारागांव, लजकुरा-बेलपहाड़, झाराडीह-खरसियां-राबर्ट्सन, हिमगीर-बेलपहाड़, ब्रजराजनगर- झारसुगुड़ा, गतौरा-जयरामनगर-लटिया एवं जामगा-हिमगिर स्टेशनों के मध्य लगभग 100 किलोमीटर से अधिक चौथी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

### राजनांदगांव- कलमना तीसरी लाइन परियोजना

इस परियोजना के अंतर्गत राजनांदगांव से कलमना, नागपुर के मध्य 228 किमी तीसरी लाइन का निर्माण लगभग 3544 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जा रहा है । अंतर्गत राजनांदगांव-पनियाजोब, बोरतलाव-दारेकसा एवं गंगझरी-सालवा स्टेशनों के मध्य 140 कि.मी. तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है ।

### अनुपपुर-कटनी तीसरी लाइन परियोजना

इस परियोजना के अंतर्गत अनुपपुर से कटनी, के मध्य 165.52 किमी तीसरी लाइन का निर्माण लगभग 1680 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत अमलाई-सिंघपुर एवं रुपौंद-न्यू कटनी के मध्य 45 कि.मी. तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

# मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने सभी तैयारियां पूर्ण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 03 दिसंबर को बालोद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना कार्य को सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि मतगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर आदि सभी अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि 03 दिसंबर को लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में मतगणना का कार्य सुबह 08 बजे प्रारंभ होगी। सर्वप्रथम पोस्टल बैलेट पेपरों की गणना की जाएगी इसके पश्चात् कंट्रोल यूनिट के माध्यम से गणना आरंभ किया जाएगा। श्री कौशिक ने बताया कि कंट्रोल यूनिट के गणना हेतु प्रत्येक विधानसभावार 14-14 टेबल लगाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद में आरओ टेबल सहित 04 टेबल पोस्टल बैलेट की गणना के लिए लगाई गई है। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा एवं 61 गुण्डरदेही में आरओ टेबल सहित 03 टेबल पोस्टल बैलेट की गणना के लिए लगाई गई है। इसके साथ ही 02 एआरओ टेबल सारणीकरण के लिए लगाया जाएगा। गणना हेतु प्रत्येक टेबल में 01 माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है जो सामान्य प्रेक्षक के दिशा-निर्देशन में कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक राउंड की गणना समाप्त होने के पश्चात् सामान्य प्रेक्षक के द्वारा 02 मतदान केंद्रों के मशीनों की रेण्डम जाँच कर अतिरिक्त गणना अधिकारियों के माध्यम से सत्यापन कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद के कुल 258 मतदान केंद्रों की मतों की गणना 19 राउंड में, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा के 270 मतदान केंद्रों के मतों की गणना 20 राउंड में एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही के कुल 286 मतदान केंद्रों के मतों की गणना 21 राउंड में संपन्न किया जाएगा।

# मितानिनों का किया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** मितानिन दिवस के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल द्वारा बालको जोन के सभी 09 वार्डों की मितानिनो एवं सुपरवाइजरों को सम्मानित करने वार्ड क्रमांक 35 स्थित अनुभव भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां लगभग 54 मितानिनों एवं सुपरवाइजरों को सम्मानित किया गया। आने वाली ठंड को देखते हुए सम्मान के अवसर पर उपस्थित सभी मितानिनों को अतिथियों द्वारा कंबल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि मितानिन समाज की वह अहम कड़ी है, जिनके बिना आज प्राथमिक स्तर की जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं संभव नहीं है। मितानिनों को सरकार से बहुत कम सहयोग राशि प्राप्त होती है, जिससे वे अपना जीवन यापन करती हैं।

# प्रकाश पर्व के नगर कीर्तन शोभायात्रा का किया गया भव्य स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट ने श्री गुरुनानक देव जी प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित नगर कीर्तन शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।




कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया की गुरु नानक जयंती सिखों द्वारा मनाए जाने वाले गुरू पर्व में से एक है। गुरु नानक जयंती सिख धर्म के संस्थापक के जन्म का प्रतीक है, जो सिखों के सभी दस गुरुओं में से पहला है, जिसका नाम नानक है। गुरू पर्व दुनिया भर में हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार कार्तिक महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। गुरु नानक जी का जन्म 15 अप्रैल, 1469 को हुआ था। उनका विश्वास एक ईश्वर के अस्तित्व पर था। उन्होंने हर जगह यात्रा की, जहां उन्होंने संदेश फैलाया। एक शिक्षक के रूप में, उनकी शिक्षाओं को सिखों के पवित्र ग्रंथ, गुरु ग्रंथ साहिब में दायर किया जाता है। उनका उपदेश एक ईश्वर पर आधारित था और यह ईश्वर कैसे बिना किसी भेदभाव के सभी को प्यार करता है।

कैट के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन एवं प्रदेश महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह ने बताया कि गुरूनानक जी अनुयायी सिख के रूप में जाने जाते हैं। वे हर साल अपने गुरु, गुरु नानक देव का जन्मदिन गुरु नानक गुरु पर्व के नाम से मनाते हैं। गुरू पर्व की शुरुआत गुरुद्वारों में सुबह की प्रभात फेरी से होती है। गुरू पर्व से पहले, गुरुद्वारों में लगातार अड़तालीस घंटे तक सिखों के पवित्र ग्रंथ, गुरु ग्रंथ साहिब को पढ़ने की परंपरा है। नगर कीर्तन शोभायात्रा के माध्यम से इस दिन गुरु नानक जी का संदेश फैलाया। नगर कीर्तन शोभायात्रा के दौरान, स्थानीय बैंड भजनों के साथ सिख वैवाहिक कलाओं का प्रदर्शन किया जाता है। नि: शुल्क सांप्रदायिक दोपहर का भोजन, सेवा और भक्ति की भावना के साथ, वर्ग, जाति या पंथ के बावजूद सभी को भोजन देने के विचार को दर्शाता है। गुरु नानक देव का गुरू पर्व बिना किसी भेदभाव के समानता सिखाता है।

उपरोक्त कार्यक्रम में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप उपस्थित रहे :- अमर पारवानी, परमानन्द जैन, अमर गिदवानी सुरिन्द्रर सिंह, अवनीत सिंह, अमर धीगांनी, नेरन्द्र दुग्गड, जयराम कुकरेजा, संजय जयसिंह, महेन्द्र बागरोडिया, मोहन वर्ल्यानी, विक्रांत राठौर, परविन्दर सिंह, भूपेन्द्रर सिंह, नागेन्द्र तिवारी, मनीष सोनी, सर्वेश दौलतानी, अमीत गुप्ता, सुशील लालवानी, शैलेन्द्र शुक्ला, राकेश लालवानी, सुरेश कुमार वासवानी, एवं रतनदीप सिंह आदि।

# बिलासपुर रेलवे स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज का मामला, रेलवे ने दिया हाईकोर्ट को लिखित जवाब

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। स्कूली बच्चों द्वारा जान हथेली पर रख रेलवे लाइन पार करने को लेकर हाईकोर्ट की नोटिस के बाद रेलवे ने लिखित जवाब दिया है। रेलवे ने हाईकोर्ट से कहा है कि मार्च 2024 में यह फूट ओवरब्रिज का काम पूरा हो जाएगा। रेलवे के जवाब के बाद अब इस मामले में अगली सुनवाई जनवरी 2024 रखी गई है।



बता दें कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन के दोनों ओर घनी आबादी है। दोनों छोर को जोड़ने के लिए रेलवे द्वारा पूर्व में फुट ओवर ब्रिज बनाया गया था जिसे तोड़ दिया गया। इसके बाद नया फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू किया गया। सालों बीतने के बाद भी रेलवे द्वारा फुट ओवर ब्रिज का काम पूरा नहीं किया गया। इस वजह से रोज स्कूली बच्चों के साथ ही आम लोगों को जान हथेली पर रखकर रेलवे ट्रैक पार किया जाता है। इस मामले में हाईकोर्ट ने स्वत: की संज्ञान लिया और रेलवे से जवाब मांगा।

इस मामले में शुक्रवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में रेलवे की ओर से लिखित जवाब पेश किया गया।हाईकोर्ट में पेश जवाब में रेल प्रशासन ने बताया कि बिलासपुर स्टेशन के इस फूट ओवर ब्रिज को प्राथमिकता के आधार पर बनाया जाना है। कुछ तकनीकि कारणों की वजह से यह काम समय पर पूरा नहीं हो सका है।

रेलवे ने अपने जवाब में कहा है कि अभी इस पर तेजी से निर्माण कार्य कराया जाएगा और मार्च 2024 के भीतर ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। रेलवे के इस जवाब के बाद हाईकोर्ट ने अब जनवरी 2024 माह से शुरू होने वाले सप्ताह में मामले की अगली सुनवाई निर्धारित की है।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...




### 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का हुआ भूमिपूजन

**रायपुर (ए)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में गायत्री प्रज्ञा पीठ संतोषी नगर व रायपुर महानगर के गायत्री परिजनों के सहयोग से 15 से 18 दिसम्बर तक टिकरापारा के दशहरा मैदान में आयोजित होने वाले 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण पुस्तक मेला, प्रदर्शनी, विविध संस्कार व दीपयज्ञ के लिए भूमिपूजन 24 नवंबर को सम्पन्न हुआ।

महायज्ञ संचालन संयोजक रामकृष्ण साहू ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक एवं संरक्षक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य व माता भगवती देवी शर्मा ने मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण के लिए गायत्री मंत्र साधना और यज्ञ कर्म को आवश्यक माना है। गायत्री मंत्र साधना से मनुष्य के बुद्धि क्षमता का अनंत विस्तार होता है, वहीं पर पूर्ण श्रद्धा और विधि सम्मत किया हुआ महायज्ञ से पर्यावरण का परिष्कार संवर्धन एवं समाज में सांस्कृतिक एकता, समरसता और भाई चारे का वातावरण निर्मित होता है। उक्त महायज्ञ संचालन शांतिकुंज हरिद्वार के ऋषिपुत्रो द्वारा संपन्न होगा। 15 दिसंबर को सद्गुरू ज्ञान गंगा, सद्ग्रंथ शोभा यात्रा मंगल जल-कलश यात्रा, 16 से 18 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रात: 8 बजे ध्यान साधना प्रज्ञा योग व प्रात: 8:30 से गायत्री महा-यज्ञ, दोपहर 1 से दोपहर 2:30 बजे तक भोजन प्रसाद व कार्यकर्ता गोष्ठी, दोपहर 3 से 5:30 प्रज्ञा पुराण कथा शाम 5:30 से 7 तक प्रवचन होगा तथा पूर्णाहुति 18 दिसंबर को होगी। इस महायज्ञ में सभी संस्कार नि:शुल्क होगें जिसका समय पूर्व पंजीयन आवश्यक है। महायज्ञ में बैठने के लिये भारतीय वेशभूषा में आने का अनुरोध किया है।

### बड़े मंदिर में मनाया गया भगवान अरहनाथ का ज्ञान कल्याणक महोत्सव



**रायपुर (ए)।** आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड रायपुर में अष्टाह्निका पर्व पर 24 नवंबर को 18 वे तीर्थंकर अरहनाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक महामहोत्सव पारंपरिक श्रद्धा व भक्तिभाव से मनाया गया। ट्रस्ट कमेटी के उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया कि आज जैन संप्रदाय के 24 तीर्थंकर में से एक 18 वे तीर्थंकर भगवान अरहनाथ का जन्म हस्तिनापुर में राजा सुदर्शन एवं रानी मित्रसेना के परिवार में हुआ था। भगवान अरहनाथ का ज्ञान कल्याणक दिवस है। आज के दिन कड़ी तपस्या संयम त्याग के बाद भगवान अरहनाथ को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसी अवसर पर बड़े मंदिर में सुबह 8 बजे श्रीजी का अभिषेक एवं रिद्धि सिद्धि प्रदाता लघु शांतिधारा की गई। आज के प्रथम अभिषेक का सौभाग्य प्रणीत जैन को प्राप्त हुआ। रिद्धि सिद्धि प्रदाता शांति धारा करने का सौभाग्य ऋषि जैन को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात भगवान की आरती पूजन एवं ज्ञान कल्याणक पूजाकर अर्घ चढ़ाया गया। इस अवसर पर आज श्रेयश जैन, बालू सुजीत जैन, ऋषि जैन, प्रणीत जैन, समित जैन, पलक जैन, एवं बड़ी संख्या महिलाए उपस्थित थीं। आचार्य विद्या सागर महाराज का विहार डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ से कुछ दिनों पूर्व तिल्दा नेवरा के लिए हुआ है। तिल्दा में पीले पत्थरो से निर्मित नवनिर्मित दिगम्बर जैन मंदिर का पंचकल्याणक महामहोत्सव एवं गजरथ महोत्सव 9 से 15 दिसंबर तक होना तय हुआ है। इस अवसर मंदिर समिति के सदस्यों ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ लेने की अपील की है। 25 नवंबर को सुबह 6 बजे आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड रायपुर से धर्म प्रेमी बंधु आचार्य विद्यासागर महाराज के आहार विहार दर्शन करने हेतु जायेंगे।

# दिसंबर में पड़ेगी कड़ाके की ठंड, पांच दिन पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में नहीं होगा बदलाव

**30 नवंबर तक अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव की उम्मीद नहीं**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में कड़ाके की ठंड दिसंबर से ही शुरू होगी। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में न्यूनतम तापमान में विशेष गिरावट नहीं आ पा रही है, बल्कि कुछ क्षेत्रों में तो न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से चार डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा है। आने वाले पांच दिनों यानी 30 नवंबर तक अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव की उम्मीद नहीं है। इसके बाद प्रदेश में अच्छी ठंड पड़ने की संभावना है।



मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। इसके बाद प्रदेश में कड़के की ठंड पड़ने की संभावना है। बीते दिनों शुक्रवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहा। वहीं कुछ क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल भी छाए रहे। एक दो जगहों पर हल्की बारिश भी हुई है। इन दिनों ग्रामीण और शहर के आउटर इलाकों में सुबह-सुबह और रात के समय में ठंड बढ़ने लगी है। शनिवार को कई इलाकों में हल्की बारिश की भी संभावना है मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक दो डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा है। हालांकि न्यूनतम तापमान में उतार चढाव बना रहेगा। इससे हल्की बारिश के आसार है।

मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अभी प्रदेश के कई इलाकों में अच्छी ठंड नहीं है। हालांकि वातावरण में नमी होने के कारण ठंड रहेगी। इससे हल्की बारिश के आसार है। मौसम एस्पार्ट के अनुसार, आज शनिवार को प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि बस्तर संभाग के एक दो जगहों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार शनिवार को बस्तर संभाग के कुछ जिलों में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं। कुछ क्षेत्रों में बादल भी छाए रहेंगे। प्रदेश में मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही बना रहेगा।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ शुक्रवार को भारतीय क्षेत्र से गुजरा और दूसरा पश्चिमी विक्षोभ 26 नवंबर को उत्तर पश्चिम व पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। इसके बाद 30 नवंबर को एक और पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित करेगा। इसके चलते हवा की दिशा पूर्वी बनी रहेगी और वातावरण में नमी रहेगी। इसके प्रभाव से न्यूनतम तापमान में 30 नवंबर तक विशेष बदलाव नहीं होगा, हालांकि उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

### प्रदेशभर में मौसम शुष्क

एक दिन पहले शुक्रवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहा। रायपुर सहित प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहा। कुछ क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल भी छाए रहे। इन दिनों ग्रामीण और शहर के आउटर क्षेत्रों में सुबह सुबह व रात में ठंड बढ़ने लगी है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अभी बाकी क्षेत्रों में ठंड का उतना प्रभाव नहीं पड़ रहा है। प्रदेश अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस डूमरबहार में दर्ज किया गया। वहीं सबसे ठंडा इलाका डूमरबहार रहा। आज राजधानी रायपुर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस और 19 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

# मानसिक परेशानी मानव विकास पर असर डालती है: आर श्रीनिवास मूर्ति

**रायपुर (ए)।** रायपुर मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग एवं इंडियन एसोसिएशन फॉर सोशल साइकिएट्री के संयुक्त तत्वावधान में 30 वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन एनसीआईएएसपी 2023 (नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडियन एसोसिएशन फॉर सोशल साइकिएट्री) का आयोजन किया जा रहा है। 24 नवंबर से प्रारंभ होकर 26 नवंबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में सामाजिक मनोचिकित्सा (सोशल साइकिएट्री) के विविध पहलुओं पर मंथन करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से विशेषज्ञ शामिल हुए हैं।




मानसिक स्वास्थ्य में लोक स्वास्थ्य दृष्टिकोण (पब्लिक हेल्थ एप्रोचेस इन मेंटल हेल्थ) विषय पर पूरा सम्मेलन केन्द्रित है। शुक्रवार को इस सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति (वाइस चांसलर) डॉ. एके चंद्राकर एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता (डीन) डॉ. तृप्ति नागरिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

निम्हांस बैंगलोर से आये विशेषज्ञ आर. श्रीनिवास मूर्ति ने मानसिक स्वास्थ्य, कल्याण और मानव विकास विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि मानसिक परेशानी कई तरह से मानव विकास पर असर डालती है इसलिए आवश्यक है कि मानसिक स्वास्थ्य को फोकस के रूप में पहचानें। देखभाल केंद्रों को मानसिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बदलकर, सभी व्यावसायिक प्रशिक्षणों में मानसिक स्वास्थ्य को शामिल करके, विशेष रूप से बीमार व्यक्तियों और उनकी देखभाल करने वालों के बीच भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए स्व-देखभाल (सेल्फ-केयर) का प्रसार करके तथा शिक्षा, श्रम विकास, मीडिया एवं अन्य संगठनों के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में बेहतर कार्य किये जा सकते हैं।

चिकित्सा महाविद्यालय में मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार साहू ने बताया कि यह सम्मेलन वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सामाजिक मनोविज्ञान को संदर्भित करते हुए मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, भविष्य की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से उबरने पर केन्द्रित है।

मनोरोग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरभि दुबे ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य (मेंटल हेल्थ) एक समाज, परिवार और व्यक्ति सभी की जिम्मेदारी है। जब सभी वर्ग साथ मिलकर काम करेंगे तो दिमाग और मन दोनों स्वस्थ रहेगा। किसी भी मानसिक रोग का निदान समग्र प्रयास (होलिस्टिक एप्रोच) से ही संभव है जिसमें दवाईयों के साथ-साथ समाज का योगदान, समाज का दृष्टिकोण, मानसिक रोग के प्रति और रोगी के साथ लोगों का अच्छा व्यवहार करना शामिल है।

**रायपुर में सिंधी काउंसिल ने किया नगर कीर्तन का स्वागत**

# तेलघानी नाका चौक में किया गया प्रसाद वितरण, पंच प्यारे से लिया आशीर्वाद

रायपुर (ए)। रायपुर में गुरु नानक जयंती से पहले शुक्रवार को भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। जिसका स्वागत सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई की ओर से भी किया गया। काउंसिल के अध्यक्ष ललित जैसिंघ समेत कई सदस्यों ने तेलघानी नाका चौक में प्रसाद वितरण किया। साथ ही पंच प्यारों को माला पहनाकर और गुरु से माथा टेक कर आशीर्वाद लिया।



इस अवसर पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, सिंधी एकेडमी अध्यक्ष राम गिडलानी, सचिन मेघानी, युवा अध्यक्ष रवि ग्वालानी, जीतेंद्र मलघानी, राजेश पोपटानी, कमल लहेजा, संजय जैसिंघ, गौतम रेलवानी, महेश खिलनानी, मोनू आहूजा, आशीष वासवानी,चंदन जैसिंघ शामिल रहे।

### उत्कृष्ट काम के लिए कनकी गांव की सरपंच हुई सम्मानित

**रायपुर (ए)।** जनपद पंचायत तिल्दा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कनकी की सरपंच वीणा तोमलाल वर्मा और सचिवकोमल प्रसाद साहू का प्रधान महालेखाकारलेखा परीक्षा ऑडिट सप्ताह के उपलक्ष में आयोजित कार्यशाला में प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया यह सम्मान ग्राम पंचायत कनकी सरपंच वीना तोमलाल वर्मा व सचिव कोमल प्रसाद साहू को पंचायत स्तर पर उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया सरपंच वीणा वर्मा लगातार 4 वर्ष से गांव का सरपंच के रूप में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और सचिव कोमल प्रसाद साहू पिछले 3 वर्ष से ग्राम पंचायत कनकी में पदस्थ हैं।




# अग्रसेन महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

### भारतीय संविधान से ही यहां लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हुई हैं

**रायपुर (ए)।** अग्रसेन महाविद्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इसमें शासकीय जे. योगनान्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में विधि विभाग के प्राध्यापक डॉ भूपेन्द्र करवंदे मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा भारत का संविधान पूरे विश्व में अपनी समग्रता और विशिष्टता के कारण एक अलग स्थान रखता है।



इसमें हर एक नागरिक के समस्त अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। इसी वजह से भारत में लोकतंत्र की जड़ें मजबूती से जमी हुई हैं। डॉ करवंदे ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का न केवल सबसे बड़ा और विस्तृत संविधान है, बल्कि यह सबसे विशिष्ट भी है। क्योंकि इसमें मूल अधिकार, संवैधानिक अधिकार, वैधानिक अधिकार और मानव अधिकारों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने अलग-अलग उदाहरणों से विद्यार्थियों को संविधान की विभिन्न विशेषताओं से भी परिचित कराया।

कार्यक्रम के आरंभ में महाविद्यालय के छात्रों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण में महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष तथा महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर सहित संविधान सभा के समस्त सदस्यों के सम्मिलित प्रयासों से इसमें अधिकारों के साथ ही कर्तव्य को समान महत्व दिया गया है।

ताकि देश का हर व्यक्ति एक जिम्मेदार नागरिक बन सके। महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष तथा महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. अमित अग्रवाल ने संविधान दिवस के इस कार्यक्रम को युवाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी बताया।

आभार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ युलेन्द्र कुमार राजपूत ने कहा कि संविधान ही भारतीय शासन व्यवस्था की आत्मा है, और इसके माध्यम से हर एक नागरिक के लिए न्याय को सुनिश्चित किया गया है. कार्यक्रम का संयोजन पत्रकारिता संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ अदिति नामदेव गुप्ता ने किया तथा इसका संचालन पत्रकारिता संकाय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. विभाष कुमार झा ने किया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा सभी संकायों के प्राध्यापकों ने पूरी सक्रियता के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# अपनी अगली रिलीज एनिमल से पहले अंशुल चौहान ने एक भावुक नोट लिखा

**हममें से कुछ लोग अपने सपनों को अपनी पत्रिका में लिखकर और अधिक उत्साहपूर्वक प्रकट करके उनकी पुष्टि करना पसंद करते हैं। हाल ही में अपनी हालिया रिलीज फिल्म तेजस से दिल जीतने वाली अंशुल चौहान ने इंस्टाग्राम पर एनिमल निर्देशक, संदीप रेड्डी वांगा के साथ अपनी बातचीत का स्क्रीन कैप्चर साझा किया।**

पोस्ट में, अंशुल को अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए देखा जा सकता है जिसमें उन्होंने दस बड़े सपने लिखे हैं जो अभी सच होने बाकी थे, जिसमें रणबीर कपूर का सह-अभिनेता होना उनमें से एक था। यह खूबसूरत अभिनेता अगली बार रणबीर कपूर-अभिनीत फिल्म एनिमल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे।

अंशुल ने साझा किया, यह खूबसूरत रहा है। मैं हमेशा रणबीर कपूर के साथ अभिनय करना चाहता था ताकि मैं उनकी प्रतिभा को व्यक्तिगत रूप से देख सकूं। जाहिर है, सपने सच होते हैं यदि आप खुद पर विश्वास रखते हैं और प्रक्रिया पर भरोसा करते हैं। इसमें कुछ समय लग सकता है समय या शायद इससे भी अधिक, लेकिन हमारा काम अपनी गति से अपने सपने या लक्ष्य के लिए वह करते रहना है जो हमें करना चाहिए। इस भूमिका के लिए मेरे बारे में विचार करने के लिए श्री संदीप रेड्डी वांगा का आभारी हूं। एनिमल को लाने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। श्रोता।

एनिमल के अलावा, अंशुल ने हाल ही में कुछ बड़ी फिल्में भी साइन की हैं और कुछ अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। तेजस में एक लड़ाकू पायलट के रूप में उनके अभिनय के बाद, आगामी परियोजनाओं में एक अभिनेता के रूप में उनकी रेंज देखना रोमांचकारी होगा।

# मोनालिसा ने सेक्सी आउटफिट पहन जमीन पर बैठे दिए किलर पोज, अदाएं ऐसी की दिल हार गए फैंस



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही ही तहलका मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखने लायक है। टीवी और भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उनका लेटेस्ट लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में मोनालिसा ने अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन फोटोज में एक्ट्रेस मोनालिसा का कातिलाना अंदाज देखने लायक है। हालांकि उनके लुक को देखकर यूजर्स के होश उड़ गए हैं। मोनालिसा ने अपने इस फोटोशूट के दौरान पिंक कलर की डीपनेक ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही क्यूट एंड किलर लुक्स में कैमरे के सामने पोज देती हुई नजर आ रही हैं। अभिनेत्री मोनालिसा अपनी इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए जमीन पर बैठकर एक से बढ़कर एक पोज देते हुए सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं। बता दें कि मोनालिसा अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस के कारण लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर प्यार लूटाते हैं।

# सर्दी में मूली कब खानी चाहिए और कब नहीं... क्या कहता है आयुर्वेद?

सर्दियों में मूली सेहत को कई तरह से लाभ पहुंचाने का काम करता है। इसे खाने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। मूली बेहद स्वादिष्ट और फायदेमंद भी होती है लेकिन कुछ लोगों के लिए यह नुकसानदायक भी हो सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि बहुत से लोग मूली खाने का सही समय नहीं जानते हैं। आयुर्वेद में मूली को लेकर कुछ जरूरी बातें बताई गई हैं। आइए जानते हैं उनके बारें में।



## मूली कितना फायदेमंद

मूली में विटामिन सी, विटामिन बी6, रिबोफ्लेविन, नियासिन, फोलेट, पोटैशियम, आयरन, मैग्नीज, फाइबर और शुगर अच्छी मात्रा में पाया जाता है। यही कारण है कि ठंड के मौसम में मूली खाना फायदेमंद माना जाता है। इसके सेवन से खून की कमी दूर हो सकती है और वजन भी कंट्रोल रहता है।

## मूली खाने के नुकसान

आयुर्वेद में बताया गया है कि मूली की तासीर गर्म होती है। इसलिए ऐसे लोगों को मूली खाने से परहेज करना चाहिए, जिन्हें ठीक तरह से भूख नहीं लगती है। क्योंकि ऐसी स्थिति में गैस्ट्रिक प्रॉब्लम्स बढ़ सकती हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर किसी का पेट सूखता है तो उसे भी मूली नहीं खानी चाहिए। जिन लोगों को गैस की समस्या होती है, वे घी के साथ मूली खा सकते हैं। कच्ची मूली खाने से बचना चाहिए, वरना कई तरह की परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

## मूली कब खानी चाहिए

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कभी भी खाली पेट मूली का सेवन नहीं करना चाहिए। रात में भी मूली खाने से बचना चाहिए। अगर मूली का बेहतर फायदा उठाना चाहते हैं तो हमेशा सर्दी वाले दिनों में ही इनका सेवन करना चाहिए। धूप में बैठकर मूली खाना फायदेमंद हो सकता है। इसका मतलब मूली दोपहर के वक्त खाना सबसे अच्छा हो सकता है।

## मूली खाने से पहले ध्यान दें

- दूसरी कच्ची सब्जियों के साथ ही मूली खाएं।
- ज्यादा पकी मूली खाने से बचें।
- एक जगह बैठकर कभी भी मूली न खाएं। चलते रहने से मूली अच्छी तरह पच जाता है।
- मूली खाने के बाद दूध नहीं पीना चाहिए।

# टहलना या दौड़ना, सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद क्या?



सेहतमंद रहने के लिए हेल्थ एक्सपर्ट हमेशा एक्सरसाइज करने की सलाह देते हैं। सबसे आसान और बेस्ट एक्सरसाइज की बात जब होती है तो वॉकिंग और रनिंग का नाम सबसे पहले आता है। आप दौड़कर या नियमित रूप से टहल कर अपने आपको फिट और सेहतमंद रख सकते हैं। लेकिन जब बात बेस्ट की होती है तो लोग कंफ्यूज हो जाते हैं कि टहलना ज्यादा अच्छा है या फिर दौड़ना। आपको बता दें कि फिटनेस के मामले में दोनों ही एक्सरसाइज बेस्ट हैं। हालांकि इनका सेहत पर अलग अलग तरह से असर होता है। चलिए जानते हैं कि टहलने और दौड़ने के स्वास्थ्य संबंधी फायदे क्या क्या हैं।

## टहलने के फायदे

टहलना सेहत को फिट रखने के लिए अच्छा होता है। इससे आपका शरीर एक्टिव रहता है और खाना सही से पचता है। जिन लोगों को डायबिटीज है, उन्हे ब्लड शुगर को नियंत्रित करने के लिए लगातार टहलना चाहिए। तनाव, चिंता, एंजाइटी, नींद की कमी, एकाग्रता की कमी आदि दूर होती हैं। बीमार और बुजुर्ग लोग जो ज्यादा एक्सरसाइज नहीं कर सकते, उनको टहलने से सेहत संबंधी लाभ मिल सकते हैं। टहलने का एक लाभ ये भी है कि आप इस एक्सरसाइझ को किसी भी उम्र में कर सकते हैं। टहलने से ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है और इसे आंखों के लिए भी फायदेमंद बताया गया है।

## दौड़ने के फायदे

टहलने की तरह दौड़ने यानी रनिंग के भी ढेर सारे फायदे हैं। दुनिया में जिस तरह तेजी से मोटापा बढ़ रहा है,ऐसे में रनिंग वेट लॉस करने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन बन गया है। दौड़ने से बहुत सारी कैलोरी और फैट बर्न होता है और इसी वजह से मोटापा कम होता है। दूसरी तरफ दौड़ने से शरीर का ब्लड सर्कुलेशन तेज होता है और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। दिल को बेहतर रखने के लिए दौड़ना एक अच्छी एक्सरसाइज साबित होती है।

# संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की वध के सीक्वल पर लगी मुहर



9 दिसंबर, 2022 को आई फिल्म वध को दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी और इसने 60 लाख रुपये का कारोबार किया। इसमें संजय मिश्रा और नीना गुप्ता मुख्य भूमिका में नजर आए थे। दर्शक पिछले कुछ वक्त से वध के सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं।अब 54वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में लव फिल्म्स के निर्माताओं ने वध 2 की दूसरी किस्त पर मुहर लगा दी है। निर्माताओं ने बताया कि वध के सीक्वल पर काम चल रहा है और फिल्म की शूटिंग अगले साल तक शुरू होगी। लव फिल्म्स ने कहा, फिल्म वध को बहुत कम बजट में बनाया गया था और इसकी रिलीज सीमित थी, लेकिन इस फिल्म को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। हमने महसूस किया कि दर्शक इसके पात्रों, कहानी से जुड़ गए हैं, और अगली कड़ी देखना चाहेंगे तो हां हम सीक्वल पर काम कर रहे हैं।

फिल्म वध जसपाल सिंह संधू और राजीव बर्णवाल द्वारा लिखित और निर्देशित है। इसका निर्माण लव रंजन और अंकुर गर्ग ने किया है। इस फिल्म का नाम पहले ग्वालियर रखा गया था, लेकिन बाद में इसे बदल दिया गया। वध को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। वध की कहानी एक मासूम जोड़ी की है, लेकिन दोनों को मजबूरन एक ऐसा अपराध करना पड़ा है, जिसकी वे खुद भी कल्पना नहीं कर सकते।



# मनोज बाजपेयी की जोरम का ट्रेलर जारी, दिखेगी बाप की अपनी बेटी को बचाने की कहानी

मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी फिल्म जोरम को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए थे, जिसका अब ट्रेलर भी जारी कर दिया गया है। देवाशीष मखीजा के निर्देशन में बनी यह फिल्म कई फिल्म अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में प्रशंसा बटोर चुकी है और जल्द ही सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार है। आइए जानते हैं कि एक्शन और थ्रिलर के भरपूर मनोज की इस फिल्म का ट्रेलर कैसा है और यह कब रिलीज होने जा रही है।

जोरम की कहानी एक पिता की है, जो बंदूक का पीछा छोड़ अपनी और अपनी बच्ची की जान बचाने की कोशिश में जुटा हुआ है।ऐसे में वह अपने अतीत और वर्तमान के बीच फंस गया है, जिससे निकलना उसके लिए आसान नहीं है। हालांकि, वह हर तरीका अपनाकर इससे बाहर आना चाहता है।8 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म में मनोज के साथ मोहम्मद जीशान अय्यूब, तनिष्ठा चटर्जी और राजश्री देशपांडे शामिल हैं।

मनोज की फिल्म जोरम की स्क्रीनिंग कई अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुई है, जहां इसे काफी पसंद किया गया है। इनमें बुसान फिल्म फेस्टिवल, एडिनबर्ग फिल्म फेस्टिवल, सिडनी फिल्म फेस्टिवल और डरबन फिल्म फेस्टिवल शामिल हैं।डरबन फिल्म फेस्टिवल में तो मनोज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी दिया गया था। इसके अलावा 4 से 7 नवंबर तक हुए धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का समापन भी इसी फिल्म के साथ हुआ था।

अभिनेता ने बताया कि जोरम उनके लिए बेहद खास है। इसमें एक आदिवासी प्रवासी श्रमिक दसरू के किरदार के लिए उन्होंने अपना काफी वजन भी कम किया था।यह फिल्म 8 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है, जिस दिन कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की फिल्म मैरी क्रिसमस भी आने वाली थी। हालांकि, मैरी क्रिसमस की रिलीज तारीख आगे बढ़ गई है और ऐसे में दोनों के बीच बॉक्स ऑफिस भिड़ंत नहीं होगी।

मनोज अब फिल्म भैयाजी के साथ बतौर निर्माता अपनी नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं, जिसका निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की करेंगे और अभिनेता की पत्नी शबाना रजा भी इसकी निर्माता होंगी।इसके अलावा मनोज की जी5 पर आई साइलेंस के सीक्वल का ऐलान हो गया है और वेब सीरीज द फैमिली मैन की भी अगली किस्त आने वाली है। अभिनेता की झोली में अभिषेक चौबे की सीरीज सूप और राम रेड्डी की एक फिल्म भी है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

### छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफकामर्स साथी परियोजना में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका

# साथी परियोजना राज्य के कृषको एवं उद्यमियों के लिये गेम चेन्जर योजना साबित होगी: पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि कल दिनांक 23 नवंबर 2023 को इंदिरा गाँधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर में साथी परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध के एक महत्वपूर्ण बैठक संचालक अनुसंधान सेवाऐं इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



जिसमे चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी जी की अध्यक्षता में चेंबर प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ। प्रतिनिधि मंडल में चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, राम मंधान (डूमर तराई व्यापारी संघ अध्यक्ष), मंत्री निलेश मुंधडा एवं इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, नाफेड नईदिल्ली, फ ॉफा साथी टेक्नोप्रेन्योर्स प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास लिमिटेड, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग रायपुर, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन रायपुर, छत्तीसगढ उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हैन्डीकाफ्ट बोर्ड तथा सेरीकल्चर विभाग के विभिन्न पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

श्री पारवानी जी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि नाफेड भारत सरकार की केंद्रीय कोऑपरेटिव है जो विगत 50 वर्षों से कृषि एवं कृषकों के हित में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। नाफेड द्वारा देश के कृषको की आय दोगुना करने, आत्म निर्भर भारत को बढ़ावा देने तथा मेक इन इंडिया को बढावा देने के दृष्टिकोण से साथी परियोजना संपूर्ण भारत मे प्रारम्भ की गई है। योजना अंतर्गत संपूर्ण भारत के प्रत्येक जिले मे साथी बाजार स्थापित किये जावेगें। यह सभी साथी बाजार आपस मे एक दूसरे से नेटवर्क के माध्यम से जुड़े रहेगें। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के कृषको एवं उद्यमियो को योजना का लाभ देने के दृष्टिकोण से नाफेड के साथ अनुबंध निष्पादित कर योजना के क्रियान्वयन हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय, रायपुर को लीड एजेंसी तथा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, रायपुर को सहयोग एजेंसी बनाया गया है। योजना के सफल संचालन हेतु राज्य स्तर पर कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता मे तथा जिलो मे कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है । बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि योजना के सफल संचालन के लिए राज्य एवं जिला स्तरीय समिति मे छत्तीसगढ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों को शामिल किया जावेगा।

श्री पारवानी जी ने आगे बताया कि योजना अनुसार राज्य के प्रत्येक जिले में जिला मुख्यालय के उपयुक्त स्थल पर तीन से पांच एकड भूमि पर साथी बाजार स्थापित किये जावेगें। साथी बाजार के संचालन हेतु प्रत्येक जिले मे दस हजार महिलाओ का किसान उत्पादक कंपनी के रूप में गठन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से किया जावेगा। प्राथमिक रूप से मिलेट्स उत्पादों के साथ स्थानीय उत्पादों को प्रत्येक साथी बाजार में स्थान दिलाने चेंबर सहयोगात्मक भूमिका निभाएगा साथ ही मॉर्डन रिटेल आउटलेट, फू ड कोर्ट, एंटरटेनमेन जोन, एग्रीमॉल, कृषि सहायता केन्द्र, माइको फाइनेंस, इंन्श्योरेंस सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, दराज बाजार, ब्यूटीपार्लर, टेली मेडिसिन सेंटर, जेनरिक मेडिसिन सेंटर, संजीवनी केन्द्र, डेयरी फेडरेशन, प्याज संग्रहण यूनिट, कोल्ड स्टोरेज (5000 मीट्रिक टन), मिनि थियेटर एवं स्थानीय उद्यम तथा अन्य उद्यम चैम्बर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ के सहयोग एवं मार्गदर्शन मे खोले जावेगें। योजना का व्यापक प्रचार प्रसार हेतु सभी संभागो मे छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। श्री पारवानी जी ने यह भी कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से क्रियान्वित होने वाली साथी परियोजना राज्य के कृषको एवं उद्यमियो के लिये गेम चेन्जर योजना साबित होगी तथा छत्तीसगढ चैम्बर ऑफ कॉमर्स योजना के प्रचार प्रसार एवं क्रियान्वयन मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## लोधेशवरधाम में कल लोधी समागम देश भर से बिरादरी के लोग जुटेंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा ईकाई के बैनर पर इस साल और भी व्यापक व भव्य तरीके से लोधेशवरधाम में 26 नवंबर रविवार को परिचय सम्मेलन एवं स्मारिका विमोचन के साथ दीपावली मिलन का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें पूरे देश भर से सामाजिक सदस्य शामिल हो रहे हैं। अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा विशेष रूप से शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले समाज के सदस्यों को सम्मानित भी किया जायेगा।

अध्यक्ष सुरेश सुलाखे व सचिव प्रहलाद दमाहे ने बताया कि कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल,पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल,लोधी लोधा लोध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा,लोधी समाज के प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम वर्मा,राष्ट्रीय कथावाचक साध्वी लोधी दिव्या भारती,लोधेशवरधाम के संयोजक लोधी उत्तम वर्मा प्रमुख रूप से अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे। लोधी समागम में देश भर से बिरादरी के लोग जुटेंगे, विवाह योग्य युवक - युवती शामिल होगें। पिछले वर्षो के परिचय सम्मेलन से कई रिश्ते बने हैं इसलिए लोगों को इस आयोजन का इंतजार रहता है। लोक गायिका लोधी शिवानी जंघेल के द्वारा लोधेशवर भगवान, अमर शहीद वीरागना अवंती बाई लोधी की आरती के साथ-साथ छत्तीसगढ राजगीत अरपा पैरी के धार गीत व दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। समाज की महिला मंडली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जायेंगे। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है । इसमें सैकड़ों की संख्या में विवाह योग्य युवक -युवती का बायोडाटा प्रकाशित किया गया है। वार्षिक कार्यक्रमों व लोधेश्वरधाम के निर्माण में प्रगति पर भी चर्चा होगी।

समाज के विशिष्टजनों में श्री घनश्याम कौशिक महामंत्री राज्य लोधी समाज,जीवन कौशिक संगठन मंत्री राज्य लोधी समाज,विष्णु लोधी कोषाध्यक्ष राज्य लोधी समाज, अंकेक्षक विमल पटेल,श्री बुधराम देवगडे बिल्डर्स बैंगलोर, मेहत्तर लाल कुशले बिल्डर्स बालाजी मंदिर कटंगी लांजी,जयकिशन चंदेले बिल्डर्स हैदराबाद, पन्ना सिंह जंघेल संरक्षक झारखंड लोधी महासभा टाटानगर जमशेदपुर, रमेश सिंह राजपूत,संचालक नर्सिग कालेज अम्बिकापुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

## खास खबर

### कलेक्टर ने मोहारा कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारी का लिया जायजा

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने राजनांदगांव शहर के मोहारा में शिवनाथ नदी के तट पर 26, 27 एवं 28 नवम्बर 2023 को आयोजित होने वाले मोहारा कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारी का जायजा लिया। कलेक्टर ने मेले में दुकानों, शिवनाथ नदी के तट पर स्थित घाट एवं मेला स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि मेला में राजनांदगांव सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। श्रद्धालुओं द्वारा स्नान एवं पूजा-अर्चना सहित मेला स्थल का भ्रमण किया जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी शिवनाथ नदी के तट पर स्थित घाटों एवं पचरियों सहित संपूर्ण मेला स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने मेला स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश सहित आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को मेला स्थल में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था, बेरिकेटिंग के लिए बांस-बल्ली की व्यवस्था, मेला स्थल पर निरंतर विद्युत प्रवाह जारी रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला स्थल पर लगने वाले झूलों का फिटनेस सर्टिफिकेट एसडीएम राजनांदगांव को प्राप्त करने के निर्देश दिए। मेला स्थल पर एम्बुलेंस के साथ चिकित्सा दल की व्यवस्था, फायर ब्रिगेड तथा शिवनाथ नदी के किनारे स्नान घाटों पर गोताखोरो को तैनात करने निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, तहसीलदार मनीष वर्मा, शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन सम्पन्न

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में गायत्री प्रज्ञा पीठ संतोषी नगर एवं रायपुर महानगर के गायत्री परिजनों के सहयोग से दिनांक 15 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2023 तक दशहरा मैदान, छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा के पास रायपुर में आयोजित होने वाले 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण पुस्तक मेला, भव्य प्रदर्शनी, विविध संस्कार एवं दीपयज्ञ हेतु भूमिपूजन दिनांक 24 नवंबर दिन शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। महायज्ञ संचालन संयोजक श्री रामकृष्ण साहू ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक एवं संरक्षक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी ने मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण के लिए गायत्री मंत्र साधना और यज्ञ कर्म को आवश्यक माना है। गायत्री मंत्र साधना से मनुष्य के बुद्धि क्षमता का अनंत विस्तार होता है, वहीं पर पूर्ण श्रद्धा और विधि सम्मत किया हुआ महायज्ञ से पर्यावरण का परिष्कार संवर्धन एवं समाज में सांस्कृतिक एकता, समरसता और भाई चारे का वातावरण निर्मित होता है। ध्यान साधना प्रज्ञा योग व प्रात: 8:30 से गायत्री महा-यज्ञ, दोपहर 1:00 से दोपहर 2:30 बजे तक भोजन प्रसाद व कार्यकर्ता गोष्ठी, दोपहर 3:00 से 5:30 प्रज्ञा पुराण कथा शाम 5:30 से 7:00 तक प्रवचन होगा तथा पूर्णाहुति 18 दिसंबर को होगी।

## संविधान दिवस पर संविधान के प्रति दृढ़ संकल्पित रहने की दिलाई शपथ




### रायपुर रेल मंडल में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** 26 नवम्बर, 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को स्वीकृत किया गया था जिसे 26 जनवरी, 1950 में लागू किया गया और वर्तमान इसी संविधान की बदौलत आज भारत पूरे विश्व में सबसे बडे लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है । दिनांक 26 नवम्बर, 2023 को कार्यालय अवकाश होने के कारण दिनांक 24 नवम्बर, 2023 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर में मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियो को संविधान दिवस पर संविधान के प्रति दृढ संकल्पित रहने की शपथ दिलाई ।

हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागारिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिए दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है। तीसरा जनजातीय गौरव दिवस(धरती अंबा भगवान बिरसा मुंडा) जयंती (15 नवम्बर, 2023) को थी, जनजातीय गौरव दिवस को रायपुर मंडल में 24 नवंबर 2023 को मनाया गया भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण किया गया ।

इस अवसर पर रायपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) आशीष मिश्रा एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक(परि.) आर के साहू एवं समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

## स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी के नेतृत्व में जिले में प्रतिवर्ष की भाँति परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत लैंगिक समानता को ध्यान में रखते हुए पुरूष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ को सीएमएचओ डॉ. केसरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डीएचओ डॉ.सी.के.सिंह जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, डीपीएम डॉ.अशरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रचार-प्रसार रथ द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों में घूमकर परिवार नियोजन के स्थाई साधन पुरूष नसबंदी अस्थाई साधन जैसे निरोध, छाया, अंतरा, आई.यू.सी.डी, पी.पी.आई.यू.सी.डी. तथा महिला नसबंदी के संबंध में जागरूकता प्रदान किया जाएगा।




सीएमएचओ ने बताया कि परिवार नियोजन भारत सरकार की नितिगत अनिवार्यता है। जिले में पुरूष नसबंदी को बढ़ावा देने और निरोध के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस संबंध में समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को इस पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह पखवाड़ा दो भागों में बाँटा गया है। जिसके अंतर्गत 21 नवम्बर 2023 से 27 नवम्बर 2023 तक मोबिलाईजेशन फेस (दंपति संपर्क पखवाड़ा) आयोजित किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा मितानिनों के द्वारा पुरूष गर्भनिरोधक (निरोध, पुरूष नसबंदी) के लिए इच्छुक जोड़ों की पहचान, संवेदीकरण और पंजीकरण किया जाएगा। ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में भी पुरूष नसबंदी के संबंध में जानकारी दी जा रही है तथा तथा जिले में सारथी रथ के द्वारा पुरूष नसबंदी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी प्रकार 28 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2023 तक सर्विस डिलवरी फेस आयोजित किया जाएगा। इसमें जिले के मेडिकल कॉलेज, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, करतला, पाली तथा पोंड़ी-उपरोड़ा में प्रमुखता से पुरूष तथा महिला नसबंदी शिविर रविवार को छोड़कर आयोजित किए जाएंगे। पोंड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के पुरूष नसबदी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोंड़ी उपरोड़ा में तथा महिलाओं की नसबंदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में कराया जा सकता है। नसबंदी उपरांत हितग्राहियों को अंतराल महिला नसबंदी हेतु 2000 रुपए, प्रसवोत्तर महिला नसबंदी हेतु 3000 तथा पुरूष नसबंदी हेतु 3000 रुपए प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। सीएमएचओ ने कहा कि पुरूषों की नसबंदी में मात्र 10 मिनट का समय लगता है। साथ ही ऑपरेशन के समय कोई दर्द नहीं होता है, नसबंदी के बाद तुरंत घर जा सकते हैं एवं कोई शारिरिक कमजोरी नहीं आती। पुरुष नसबंदी उपरांत पहले की तरह शारीरिक श्रम कर सकते हैं। कलेक्टर सौरभ कुमार तथा सीएमएचओ डॉ. केसरी ने जिले के परिवार नियोजन के पात्र इच्छुक पुरूष हितग्राहियों तथा दंपतियों से अपने परिवार को सीमित रखने हेतु अधिक से अधिक संख्या में पुरूष नसबंदी (प्रमुखता से) कराने तथा परिवार नियोजन के अन्य साधन अपनाकर अपना व अपने परिवार का जीवन सुखी एवं खुशहाल बनाने की अपील की है।

## प्रधान महालेखाकार रायपुर में किया गया लेखा परीक्षा सप्ताह का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर (पीआईबी)।प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) कार्यालय, रायपुर में 20 से 24 नवंबर 2023 तक लेखापरीक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया । भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक संस्था के स्थापना दिवस अवसर पर16 नवम्?बर को हर वर्ष ''लेखापरीक्षा दिवस'' के रूप में मनाया जाता है और इसी उपलक्ष्य में इस वर्ष लेखापरीक्षा सप्ताहमनाया गया ।




लेखापरीक्षा सप्ताह के समापन समारोह केअवसर पर आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के महानिदेशक, डी.एम. अवस्थी, छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव, दिनेश शर्मा, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) यशवंत कुमार, प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) पी.सी. मांझी सहित विभाग के अन्य अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

लेखापरीक्षा सप्ताह केदौरानपं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों हेतु शासकीय लेखांकन, लेखापरीक्षा तथा जवाबदेही के विषय पर कार्यशाला, विभिन्न पंचायती राज संस्थाओं तथा शहरी स्थानीय निकायों के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा संबंधित प्रतिनिधियों और सदस्यों की कार्यशाला, रायपुर अवस्थित केन्द्रीय कार्यालयों के लिए क्रय-प्रक्रिया तथा जेम पर आधारित कार्यशाला, बिलासपुर में रेलवे के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के मध्य लेखापरीक्षा जागरूकता की कार्यशाला, सिविल लेखे से संबंधित आहरण संवितरण अधिकारियों की तथा कोषालयों, उप कोषालयों तथा वित्त विभाग के अधिकारियो की कार्यशालाओं का आयोजन किया गया ।

गौरतलब है कि भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक द्वारा आयोजित आनलाइन निबंध प्रतियोगिता में रायपुर के छात्र निखिल कुमार माहेश्वरी को दिल्ली में 16 नवम्बर, 2023 को लेखापरीक्षा दिवस के उद्घाटन अवसर पर भारत के राष्ट्रपति, श्रीमती द्रोपदी मुर्मु के समक्ष प्रथम पुरूस्कार प्रदान किया गया।

### मोर मितान मोर संगवारी चौपाल का हुआ आयोजन

**दंतेवाड़ा।** जिले में 21 नवंबर से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के समस्त विकासखंड में ''मोर मितान मोर संगवारी'' चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उक्त चौपाल में पुरुषों को परिवार नियोजन के संबंधित आवश्यक जानकारी देकर परिवार नियोजन के स्थाई साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है इसी क्रम में विकासखंड कुआकोंडा एवं कटे कल्याण में ''मोर मितान मोर संगवारी'' चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक ने चौपाल को संबोधित करते हुए पुरुषों में एनएसवीटी के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए बताया कि यह सुविधा नि:शुल्क जिला चिकित्सालय में उपलब्ध है । सिविल सर्जन डॉक्टर कपिल देव कश्यप जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस मंडल जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ राजेश राय जिला आरएमएनसीएच सलाहकार अंकित सिंह विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक कुआकोंडा संग्राम सिन्हा आर एम ए भुनेश्वर वर्मा राजेश बेहरा उपस्थित थे।


Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर...



### प्रतिबंधित टेबलेट्स के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** रायपुर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 1440 स्पास्पों प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बरामद हुई है। आरोपी के विरूद्ध थाना पण्डरी में नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इसी तारतम्य में 23 नवंबर को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना पंडरी क्षेत्रांतर्गत मोवा स्थित ओव्हरब्रीज के नीचे सांई चबूतरा के पास एक व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना पंडरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम समीर उर्फ गुड्डू नायक निवासी सड्डू विधानसभा रायपुर बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में स्पासमों नामक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा होना पाया गया। उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने/बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज या अन्य कागजात प्रस्तुत करने कहने पर उसके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज या कागजात प्रस्तुत न कर टीम को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी समीर उर्फ गुड्डू नायक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1440 नग स्पासमों प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जुमला कीमती लगभग 50,000/- रुपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना पण्डरी में अपराध क्रमांक 378/2023 धारा 22(सी) नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।



### जांजगीर-चांपा में अवैध परिवहन करते 11 वाहन जब्त

**जांजगीर-चांपा (ए)।** कलेक्टर ऋचा के निर्देशन में खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल प्रभारी उत्तम प्रसाद खूँटे, खनिज निरीक्षक व तहसीलदार जांजगीर द्वारा जिला जांजगीर चांपा के पीथमपुर एवं पामगढ़ क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन वाहनो व अवैध भण्डारण करने वाले स्थलो का औचक जाँच किया गया।

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 10 प्रकरण (8 ट्रैक्टर, 02 हाईवा), खनिज पत्थर के 1 प्रकरण (1 हाईवा) दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 11 वाहनो को जप्त कर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के तहत कार्यवाही की जावेगी समस्त वाहनो को पुलिस अभिरक्षा मे रखा गया है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान व खनिज (विकास व विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# मारपीट के आरोपी पार्षद पिता व पुत्र गिरफ्तार, पीड़ित ने की थी आत्महत्या की कोशिश, दबाव बढ़ा तो हुई कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेक्टर -10 वार्ड 64 के पार्षद अभय सोनी व उसके पुत्र अमन सोनी को भिलाई नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर चुनाव के दौरान सेक्टर -10 निवासी सतपाल सिंह से मारपीट व उसका अपमान करने का आरोप है। इस मामले में जब सतपाल सिंह थाने पहुंचा था तो आरोपी वहां भी पहुंच गए और उसके साथ मारपीट की थी। अपराध दर्ज होने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किए जाने से नाराज सतपाल सिंह ने शुक्रवार को मोबाइल टॉवर पर चढ़कर आत्महत्या का प्रयास किया था। इस दौरान सांसद विजय बघेल मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन दिया। अब इस मामले में पुलिस ने पार्षद पिता व उसके पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के खिलाफ धारा 294, 295ए, 323, 506, 34 के तहत कार्रवाई की है।

बता दें 19 नवंबर 2023 को प्रार्थी सतपाल सिंह पिता सुरेन्द्र सिंह निवासी सेक्टर-10 ने भिलाई नगर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि सेक्टर-10 भिलाई निवासी कांग्रेस पार्षद अभय सोनी एवं उसके पुत्र अमनदीप सोनी के द्वारा चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी बात को लेकर



अश्लील गालियां देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की गई थ। इस दौरान धार्मिक भावना को आहत करने की नियत से मारपीट करते समय उसकी पगड़ी भी खोल दी थी। इस मामले में पुलिस ने धारा 294, 295ए, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था।

### गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित ने की थी आत्महत्या की कोशिश

अपराध दर्ज होने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। इधर इस बात से परेशान सतपाल सिंह ने शुक्रवार को खौफनाक कदम उठाया। आरोपियों की गिरफ्तार की मांग को लेकर पीड़ित सतपाल सिंह शुक्रवार को सेक्टर-10 में मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया और आत्महत्या की धमकी देने लगा। जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को लगी वे मौके पर पहुंचे और सतपाल सिंह को टॉवर से उतारने का प्रयास किया।

### सांसद बघेल ने दिया कार्रवाई का भरोसा

इस बीच घटना जानकारी दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल को हुई। वे भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित सतपाल से मोबाइल के जरिए बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने सतपाल को कार्रवाई का भरोसा दिलाया तब जाकर वे टॉवर से उतरे। इसके बाद सतपाल सिंह को अस्पताल भेजा गया। इधर सांसद विजय बघेल ने भिलाई नगर पुलिस से आरोपियों की गिरफ्तार की मांग की। लगातार दबाव के बाद पुलिस ने पार्षद अभय सोनी व उसके पुत्र अमन सोनी को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया।

## सुरक्षाबलों की बड़ी सफलताः 25-25 किलो के दो आईईडी बम निष्क्रिय, पांच किलो का प्रेसर बम बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार को सीआरपीएफ168 बटालियन एवं थाना आवापल्ली बीडीएस टीम को बड़ी सफलता मिली है। जवानों ने संयुक्त रुप से आवापल्ली- बासागुड़ा सड़क मार्ग पर डी माइनिंग ड्यूटी के लिए निकले हुए थे। इसी दौरान जवानों ने कैम्प मुरदण्डा से बासागुड़ा सड़क पर माओवादियों द्वारा लगाए गए 25-25 किलो के दो आईडी बम बरामद किया। साथ ही पांच किलो का प्रेसर बम भी बरामद किया है।



मिली जानकारी के अनुसार माओवादियों ने सडक में फॉक्सहोल बना कर प्लांट किया था। बीजापुर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि माओवादियों द्वारा बड़े वाहनों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी कमांड स्वीच सिस्टम से लगाये थे। केरिपु 168 वाहिनी एवं थाना आवापल्ली की बीडीएस टीम द्वारा आईईडी मौके पर निष्क्रिय किया गया। इसके अलावा थाना पामेड़ क्षेत्र के तहत चिंतावगु नदी और धरमाराम गांव के मध्य से पांच किलो का प्रेशर आईईडी कोबरा 204 और केरिपु 151 की टीम द्वारा बरामद किया गया है जिसे कोबरा 204 की बीडीएस टीम के द्वारा मौके पर निष्क्रिय कर दिया गया है।

## ट्रक सवार युवकों ने युवतियों को छेड़ा, ग्रामीणों ने कर दी पिटाई, ट्रक में भरा था मांस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर (ए)।** शहर से लगे आड़ावाल में ट्रक सवार युवकों को युवतियों से छेड़छोड़ भारी पड़ गई। ग्रामीणों ने देखा तो युवकों की पिटाई कर दी। मामला थाने तक पहुंचा। पुलिस आई और युवकों को हिरासत में लिया। इस बीच जब पुलिस ने ट्रक की जांच की तो हैरान रह गई। ट्रक मे तिरपाल ढककर बोरियों को छिपाया गया। बोरियां खोलने पर उसमें मांस भरा हुआ था। मांस किस जानवर का है इस संबंध में युवकों से पूछताछ की जा रही है। घटना यहां के बोधघाट थाना क्षेत्र का है।



मामले के बारे में जानकारी देते हुए नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि आड़ावाल के पास एक कबाड़ी दुकान के पास खड़े ट्रक के अंदर मास के टुकड़े और हड्डियां बरामद हुई हैं। वहीं चालकों को गिरफ्तार करने के साथ ही पूछताछ की जा रही है। जानकारी मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। आसपास के लोगों का कहना था कि ट्रक चालकों के द्वारा कुछ युवतियों को छेड़ रहे थे, जिसके बाद गांव के लोगों को जानकारी मिलने के बाद उनके द्वारा चालकों के साथ पूछताछ करने के साथ ही मारपीट शुरू की। जिसके बाद गांव वालों ने ट्रक के अंदर रखे बोरियों में मास के टुकड़े और हड्डियों को देखा गया। फिलहाल पुलिस युवको से पूछताछ कर रही है।

## नर्सिंग छात्रा का सिर और धड़ अलग-अलग मिलेः मनेंद्रगढ़ में अमृतधारा जलप्रपात के जंगल में मिला कंकाल, कपड़े-जूते से हुई पहचान

**मनेंद्रगढ़ (ए)।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के अमृतधारा जलप्रपात से लगे जंगल में युवती का कंकाल मिला है। सिर और धड़ अलग-अलग मिले हैं। मृत युवती की पहचान केल्हारी थानाक्षेत्र से एक माह पूर्व लापता नर्सिंग छात्रा के रूप में की गई है। पास मिले कपड़े- जूते और अन्य सामान से उसकी पहचान सुष्मिता खलखो के रूप में हुई है। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट केल्हारी पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी। मामले में पुलिस ने संदेही प्रेमी को हिरासत में लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को पोड़ी थाना अंतर्गत नागपुर चौकी पुलिस को अमृतधारा जलप्रपात से लगे जंगल में एक लड़की का नर कंकाल



मिलने की सूचना ग्रामीणों के माध्यम से मिली। सूचना पर नागपुर चौकी प्रभारी दिनेश चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर केल्हारी थाना प्रभारी सुनील तिवारी गुम युवती सुस्मिता खलखो के पिता जेरोम खलखो और परिजनों को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। पोड़ी थाना प्रभारी कमलेश पांडेय और अंबिकापुर से फॉरेंसिक एक्सपर्ट एसके सिंह की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि युवती की मौत की वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हो सकेगा।

पुलिस जांच में पता चला कि सुस्मिता खलखो अंबिकापुर नर्सिंग कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। उससे केल्हारी निवासी रोहित बैक प्रेम करता था। युवती भी रोहित बैक से प्रेम करती थी या नहीं यह स्पष्ट नहीं है।

घटनास्थल अमृतधारा जलप्रपात से करीब तीन किलोमीटर अंदर है। अमृतधारा जलप्रपात पहुंच मार्ग से घटनास्थल करीब एक किलोमीटर दूर है। पुलिस संदेही रोहित बैक से पूछताछ कर रही है। शव को मर्च्युरी में रखवा दिया है।

## बिलासपुर में हार्वेस्टर में दबकर किसान की मौत मोड़ने के लिए बैक करते समय हुआ हादसा

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर के मस्तूरी थाना क्षेत्र में खेत में धान की कटाई के दौरान हार्वेस्टर की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। धान काटते समय ड्राइवर ने हार्वेस्टर को पीछे किया, तभी किसान नीचे दब गया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल लेकर जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

दरअसल, मस्तूरी निवासी किसान संतराम यादव का बेटा वीरेंद्र यादव (45 वर्ष) अपने पिता के साथ खेती का काम करता था। शुक्रवार दोपहर वीरेंद्र यादव धान की कटाई कराने के लिए किराए पर हार्वेस्टर लेकर अपने खेत आया था। वह खेत में हार्वेस्टर से धान की कटाई करा रहा था।

धान की कटाई करते हुए ड्राइवर ने हार्वेस्टर को खेत में मोड़ने के लिए पीछे किया। वीरेंद्र हार्वेस्टर के पीछे खड़ा था, जिसे ड्राइवर देख नहीं पाया। इसी दौरान वो टकराकर पहिए के नीचे दब गया। बेटे को गिरते देखकर संतराम ने जोर से आवाज लगाकर ड्राइवर को हार्वेस्टर को रोकने के लिए बोला। लेकिन, तब तक वीरेंद्र नीचे गिरकर दब गया था।

इस हादसे के बाद संतराम दौड़कर हार्वेस्टर के पास पहुंचा। तब वीरेंद्र खेत में पराली के बीच बेहोश पड़ा था। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए मस्तूरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच की तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

# डिलीवरी के बाद लापता प्रसूता की मौतः अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुबह बच्चे को जन्म दिया, 7 घंटे बाद गांधी चौक में मिली लाश

**सरगुजा (ए)।** अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रसव के बाद महिला धूप सेंकने वार्ड से निकली और लापता हो गई। प्रसूता ने सामान्य प्रसव से बच्चे को जन्म दिया। परिजनों के साथ पुलिस ने भी उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। सात घंटे बाद लापता प्रसूता गांधी चौक पर बेहोशी की हालत में मिली। उसे वापस अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, सूरजपुर जिले के ग्राम गौरा निवासी प्रसूता लक्ष्मी मराबी (26 वर्ष) को लेकर पति बधीर साय गुरुवार को मेडिकल कॉलेज में सिकल सेल की जांच के लिए पहुंचा था। वह गर्भवती थी और उसके प्रसव का समय हो गया था। जांच के बाद उसके प्रसव का समय नजदीक बताकर एमसीएच भेज दिया गया।

### सुबह हुआ प्रसव, फिर हो गई गायब

एमसीएच में लक्ष्मी मराबी ने शुक्रवार




सुबह 6.30 बजे सामान्य प्रसव से स्वस्थ बालक को जन्म दिया। सुबह करीब 8 बजे वह धूप सेंकने के लिए वार्ड से बाहर निकली, तो वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अस्पताल में खोजबीन की और उसके नहीं मिलने पर प्रबंधन के साथ सूचना पुलिस सहायता केंद्र में दी।

### 7 घंटे बाद बेहोश मिली प्रसूता

पुलिस के साथ परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चला। लापता प्रसूता लक्ष्मी मराबी करीब 7 घंटे बाद गांधी चौक के पास बेहोश पड़ी मिली। सूचना पर उसे एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

लक्ष्मी मराबी गांधी चौक तक कैसे पहुंची, इसका पता नहीं चल सका है। परिजन भी नहीं बता पा रहे हैं कि वह अकेले ही क्यों अस्पताल से निकल गई या किसी अन्य व्यक्ति के साथ गई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)


Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095


भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### रिटायर कर्मियों का अनुभव ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी:परगनिहा

**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक समारोह में अक्टूबर माह में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को विदाई दी। सभी रिटायर कर्मियों को अध्यक्ष अशोक परगनिहा व पदाधिकारियों ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने इस मौके पर रिटायर सदस्यों के योगदान का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि अनुभव की जो पूंजी हमारे अग्रज हमें सौंप कर नए जीवन की शुरूआत कर रहे हैं, उनके हम हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि वास्तव में अनुभव ही सबसे बड़ी पूंजी है। आयोजन में शामिल हुए रिटायर कर्मियों में पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन से अशोक कुमार शर्मा, मोहनलाल राय, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल आर्गनाइजेशन से अनिल लक्ष्मण नारखेड़े, किशोर कुमार निर्मल, कोक ओवन से चंद्र विजय साहू, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से अशोक कंगाली, मर्चेंट-वायर रॉड मिल से कमलेश मनोहर होल्कर, टीईडी से संतोष कुमार गोंड और एसीडब्ल्यूई से तुमनाथन शामिल हैं। इन कर्मियों ने भी विदाई समारोह को संबोधित किया और अपने सेवाकाल को याद किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर,आसमां परवीन, संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, पूरन लाल देवांगन, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर,शशिभूषण सिंह,नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी और सोसायटी के कर्मियों में पीयुष कर,सुदीप बनर्जी,नारायण साहू, सुरेश कुमार व कमल बोस सहित अन्य लोग उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन विपिन बंछोर ने किया।

### 'पठौनी के चक्कर' के निर्माता-अभिनेता रजबुद्दीन को याद किया छॉलीवुड ने

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी कॉमेडी फिल्म 'पठौनी के चक्कर' के निर्माता और अभिनेता रजबुद्दीन अशरफी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। भिलाई स्टील प्लांट के कर्मी रहे रजबुद्दीन को रज्जब भाई के नाम से जाना जाता था। उन्होंने वर्ष 2007 में छत्तीसगढ़ी कॉमेडी फिल्म 'पठौनी के चक्कर' का निर्माण किया था। जिसका निर्देशन अमन हुसैन ने किया था। उनकी इस फिल्म ने तब छत्तीसगढ़ में अच्छा व्यवसाय किया था और आज भी यह फिल्म इंटरनेट प्लेटफार्म पर खूब पसंद की जाती है। निर्देशक अमन हुसैन ने बताया कि यह फिल्म रजबुद्दीन अशरफी ने बेहद लगन से तैयार करवाई थी। इसलिए आज भी यह फिल्म तरोताजा लगती है और इसकी एक सबसे बड़ी खासियत है कि फिल्म की पृष्ठभूमि पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी परिवेश में रची बसी थी इसलिए दर्शकों का प्यार उसे आज भी मिल रहा है।

### मास्टर ट्रेनर्स का हुआ प्रशिक्षण

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतगणना अधिकारियों को प्रशिक्षित किए जाने हेतु 24 नवंबर 2023 को मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण बीआईटी दुर्ग के सभाकक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें 29 मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित हुए। प्रशिक्षण में अशवनी देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण) द्वारा सभी मतगणना अधिकारियों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना कार्य को संपादित करने, समस्त प्रपत्रों को सावधानी से भरने तथा जीरो एरर के साथ किस प्रकार कार्य किया जाना है, इसके व्यवहारिक पक्षों पर विस्तार से जानकारी दी गई। गणना की प्रक्रिया तथा गणना के पश्चात् सीलिंग की कार्यवाही किस प्रकार की जानी है।

# बेड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से फर्टिलिटी पर पड़ सकता है असर : डॉ. चंचल शर्मा

### सीनियर फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. चंचल शर्मा ने बताया गुड व बेड कोलेस्ट्रॉल में अंतर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आजकल की अनियमित जीवनशैली के कारण ज्यादातर लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अक्सर हम सुनते हैं कि कोलेस्ट्रॉल हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। हमारे शरीर में दो प्रकार के कोलेस्ट्रॉल पाए जाते हैं: गुड कोलेस्ट्रॉल और बेड कोलेस्ट्रॉल। बैड कोलेस्ट्रॉल हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है। स्ट्रेस, गलत खानपान, जंक फूड के कारण लोगों में बैड कोलेस्ट्रॉल बड़ता जा रहा है। आशा आयुर्वेदा की सीनियर फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. चंचल शर्मा ने बताया कि गुड व बेड कोलेस्ट्रॉल में क्या अंतर है।



डॉ. चंचल शर्मा के अनुसार गुड कोलेस्ट्रॉल सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसलिए हमारे शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक होनी चाहिए। वहीं बेड कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने से फर्टिलिटी पर असर पड़ सकता है। डॉ. चंचल शर्मा ने बताया कि पहले हम यह जानेंगे कि गुड कोलेस्ट्रॉल क्या है और शरीर में काम कैसे करता है। एचडीएल यानी हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन, जिसे अच्छा कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता हैं। यह आपकी रक्त वाहिकाओं में अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल और प्लेग को कम करता है। यह उन्हें रक्त वाहिकाओं से निकालकर लिवर तक ले जाता है, जिसके बाद एक्सक्रीशन के माध्यम से उन्हें बाहर निकाल दिया जाता है। यह बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद करता है।

डॉ. चंचल कहती है कि अब जानते है कि एचडीएल कम होने से फर्टिलिटी पर कैसे असर पड़ता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एचडीएल की कमी के कारण प्रजनन आयु की पाँच में से एक महिला एक वर्ष तक प्रयास करने के बाद भी गर्भधारण नहीं कर पाती है। हम जानते हैं कि अंडाशय एचडीएल के रिसेप्टर्स से भरे होते हैं, इसलिए एचडीएल के चयापचय को उस कारण से प्रजनन क्षमता में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ती है।

ह्यूस्टन मेथोडिस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक एचडीएल और एलडीएल दोनों में फ्री और एस्टेरिफाइड कोलेस्ट्रॉल का मिश्रण होता है, और फ्री कोलेस्ट्रॉल कई ऊतकों के लिए विषाक्त माना जाता है। इसलिए एचडीएल में कोई भी गड़बड़ी कई बीमारियों के लिए जोखिम कारक भी हो सकती है। कोलेस्ट्रॉल सभी स्टेरायडल हार्मोन की रीढ़ है, और एक फर्टाइल महिला के लिए हार्मोन के एक ऑर्केस्ट्रा की जरुरत होती है। एक्सपर्ट का मानना है की अंडाशय एचडीएल के रिसेप्टर्स से भरे होते हैं, इसलिए प्रजनन क्षमता में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होती है। इसका मतलब अगर एक महिला के शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है तो कंसीव करने में दिक्कत आती है।

इसके अलावा डॉ. चंचल कहती है कि यह पुरुषों में इरेक्टाइल डिसफंक्शन के लिए जिम्मेदार होता है। वहीं यह महिलाओं में सेक्सुअल परफोर्मेंस को यह प्रभावित करता है। इसके कारण कामेच्छा कम हो सकती है। साथ ही खराब कोलेस्ट्रॉल के कारण यौन क्रिया के समय जब ब्लड फ्लो आसानी से नहीं हो पाता है, तो जननांगों में ब्लड वेसल्स का फैलाव आसानी से नहीं हो पाता हैं। नतीजतन योनि पर्याप्त रूप से लुब्रिकेट नहीं हो पाती है। इससे सेक्स पेनफुल हो सकता है।

डॉ. चंचल कहती है कि आयुर्वेद में औषधियों और पंचकर्मा पद्धति के माध्यम से खराब कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने और नेचुरल तरीके से प्रेगनेंसी होना संभव है। स्?वस्?थ जीवनशैली और पौष्टिक आहार के साथ खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाया जा सकता है, जिससे कार्यों में सुधार होता है।

आयुर्वेद में कहा जाता है कि एक परिवार शुरू करने के लिए सबसे जरूरी चीज है कि आप शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से मजबूत हों। अगर आपका शरीर और जीवनशैली स्वस्थ है और आप पौष्टिक भोजन करती हैं तो गर्भधारण की संभावना हो सकती है। जिस तरह एलोपैथी विज्ञान में आईवीएफ एक तरीका है, उसी तरह आयुर्वेद में भी प्राकृतिक इलाज संभव है।

## नगर निगम ने की बड़ी कार्रवाई, सरकारी जमीन से हटाया कब्जा, निर्माण को ढहाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 15 के सिकोला भाठा बस्ती जैतखाम के पास श्रीमती लता टंडन पति छबिलाल टंडन द्वारा शासकीय भूमि आवाजाही गली क्षेत्र को बंद कर पक्का निर्माण कार्य किया गया था। उक्त संबंध में अनावेदक को निर्माण कार्य को बंद करने के लिए निगम द्वारा नोटिस दिया गया था।



निगम द्वारा कार्य स्थगित करने हेतु पुनः अंतिम नोटिस प्रेषित की गई,परन्तु अतिक्रमणकर्ता के द्वारा आज दिनाँक तक निर्माण कार्य बंद नही किया गया एवं नोटिस का जवाब नही देने पर ओर दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत नही किया गया।

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर आज भवन अधिकारी गिरीश दीवान के नेतृत्व एवं नायाब तहसीलदार ज्योत्सना कलिहारी और मोहन नगर पुलिस बल की मौजूदगी में निगम अतिक्रमण टीम ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को तोड़कर कब्जा मुक्त कर बंद रास्ता को खुलवाया गया।कार्रवाही के मौके पर भवन निरीक्षक विनोद मांझी,अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के अलावा अतिक्रमण टीम मौजूद रहे।सरकारी जमीन पर हुए कब्जे की शिकायत आयुक्त से कर रहे थे।उसके बाद आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर कार्रवाही की गई।नगर निगम की यह कार्रवाही 3 घण्टे से भी अधिक समय तक चली।मामले सिकोला भाठा बस्ती जैतखाम के पास श्रीमती लता टंडन पति छबिलाल टंडन के कब्जे से सरकारी जमीन को मुक्त कराया गया।

## दुर्ग की एनएसएस टीम हिमाचल प्रदेश में आयोजित वॉटर एडवेंचर कैंप हेतु रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग की एनएसएस टीम आज हिमाचल प्रदेश स्थित पोंग डेम में 27 नवंबर से 06 दिसंबर तक आयोजित होने वाले वॉटर एडवेंचर कैंप हेतु रवाना हुई।



यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने बताया कि आज टीम को छत्तीसगढ़ राज्य की एनएसएस सम्पर्क अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी, विष्वविद्यालय के कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव एवं विष्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने रवाना किया। इस अवसर पर सुश्री नीता बाजपेयी ने अपने संबोधन में एनएसएस के स्वयं सेवकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आज विष्वविद्यालय से रवाना होते ही आपका एडवेंचर कैंप आरंभ हो चुका है। सभी स्वयं सेवक रेल यात्रा के दौरान तथा कैंप में पूर्ण आनंद लेते हुए हर चुनौती का डटकर मुकाबला करे। एनएसएस के स्वयं सेवकों की यही विषेषता है।

विष्वविद्यालय के कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वॉटर एडवेंचर कैंप के दौरान सावधानी अवष्य बरते तथा अपने साथी प्रतिभागियों का भी ध्यान रखे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागी स्वयं सेवकों को कैंप के दौरान ध्यान रखने वाली उल्लेखनीय बातों की जानकारी दी। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि सफ्लतापूर्वक कैंप समाप्ति के पश्चात् वापस लौटने पर स्वयं सेवकों द्वारा एडवेंचर कैंप के दौरान सीखी गई बातों का प्रस्तुतिकरण विष्वविद्यालय की कुलपति के समक्ष कराया जायेगा।

## मनोरोग विभाग जिला चिकित्सालय दुर्ग की एक अनोखी पहल : सुसाइड प्रिवेंशन गेटकीपर ट्रेनिंग



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु जिला प्रशासन का नवाचार संवेदना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जे.पी. नगर, कैम्प-2, भिलाई में अध्ययनरत छात्रों हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत अग्रवाल, सोशल वर्कर हर्ष प्रकाश और योगा ट्रेनर वेणु गजपाल ने उपस्थित छात्रों, शिक्षकों तथा स्टाफ को आत्महत्या के सम्बंध में अद्यतम जानकारी दी। किशोरों में होनेवाली मानसिक समस्या के विषय में चर्चा की।

डॉ प्रशांत अग्रवाल ने 9 वी से 12वीं के छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया एवं नशे से संबंधित हानिकारक प्रभाव की विशेष जानकारी दी। आत्महत्या करने के कारण, लक्षण, रिस्क, फेक्टर, रिस्क असेसमेंट तथा मैनेजमेंट के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्रों में होनेवाले तनाव तथा इसके प्रबंधन हेतु माइंडफुलनेस एक्टिविटी कराई। इसके पश्चात प्रश्नोत्तरी सत्र में प्रतिभागियों ने अपनी शंकाओं का समाधान मनोरोग विशेषज्ञ के माध्यम से प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 300 छात्रों के साथ शाला की प्राचार्य एवं अन्य शिक्षगण उपस्थित रहे। मनोरोग विभाग जिला चिकित्सालय दुर्ग के तहत चलाए जा रहे हैं इस तरह के कार्यक्रमों से दुर्ग शहर की जनता में मानसिक रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और प्रतिदिन मनोरोग विभाग में इलाज करवाने के लिए आने वाले रोगियों की भी संख्या बढ़ती नजर आ रही है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में मनोरोग विशेषज्ञ के अलावा सोशल वर्कर, योगा ट्रेनर, साइकोलॉजिस्ट, साइकाइट्रिक नर्स की भी पोस्टिंग की गई है। मनोरोग विभाग मानसिक समस्याओं की चिकित्सा करने में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सकेगा।

## स्व-विवरणी जांच में 4359 भवनों में पाये गये अंतर, समीक्षा बैठक में हुआ खुलासा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। वितीय वर्ष समाप्ति की ओर है और लक्ष्य के विरूद्ध सिर्फ 16.77 प्रतिशत की वसुली पर राजस्व वसुली ठेका एजेंसी पर बिफ्ड पडे अपर आयुक्त । बैठक मे आधी अधुरी जानकारी दिए जाने पर भी एजेंसी को फटकार लगाई।




भिलाई निगम का राजस्व सम्पत्तिकर जलकर, भुभाटक, दुकान किराया, युजर चार्ज वसुली का जिम्मा श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड को सौपा गया है । आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर राजस्व वसुली की समीक्षा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम सभागार मे किया जहाँ एजेसी के प्रतिनिधि ने बताया कि 31 हजार से अधिक भवनो से 23.58 करोड रूपया वसुली किया जा चुका है चुनाव तथा त्योहारी मौसम के कारण वसुली की गति मध्यम है इस पर अपर आयुक्त बिफ्ड पडे उन्होंने कहा कि एजेसी की जिम्मेदारी है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व दिये गये वसुली लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करे । वित्तीय वर्ष समाप्त होने जा रहा है और मात्र 16.77 प्रतिशत ही वसुल किया गया है ।

अपर आयुक्त ने कहा कि एजेंसी वसुली बढाने के लिए वार्डो मे शिविर लगावे निगम क्षेत्र मे मुनादी करावे और आगामी तीन माह के भीतर शत प्रतिशत वसुली कर दिये गये लक्ष्य को प्राप्त करे।

श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि अविनाश ने बताया कि कुल 92 हजार भवनो मे से 31 हजार भवन से 23.58 लाख सम्पत्तिकर की राशि वसुल किया जा चुका है। 4359 घरो से जल की राशि जमा किया गया है उसी प्रकार 1298 स्थल का भुभाटक जमा किया गया है। एजेंसी को 78 करोड रूपये वसुली का लक्ष्य दिया गया है जिसकी वसुली आगामी दिनो और तेज किया जाएगा। इसी प्रकार स्वविवरणी की जाँच में जोन 1 क्षेत्र के 4085 भवनो का किया जा चुका है जिसमे से 1718 भवनो के प्रस्तुत विवरणी तथा स्थल जाँच मे भिन्नता पाया गया है ऐसे भवन स्वामी को अतर कि राशि जमा करने कहा गया है।


औद्योगिक क्षेत्र से युजर चार्ज वसुली मे आ रहे परेशानी से एजेंसी के प्रतिनिधियो ने अपर आयुक्त को अवगत कराया तो उन्होंने स्वास्थ अधिकारी को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक मे उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, स्वास्थ अधिकारी धर्मेद्र मिश्रा,सम्पत्तिकर विभाग के सहायक अधीक्षक बी.एल.असाटी, शिव शर्मा, पालेश्वर साहू, संजय शर्मा, ठेका एजेंसी के प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डेंगू नियंत्रण हेतु बीएसपी द्वारा निरन्तर प्रयास जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी के जनस्वास्थ्य विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से विगत 13 जून 2023 से डेंगू सर्वेक्षण, जागरूकता अभियान और मच्छरनाषक अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अभी भी इस्पात नगरी भिलाई में नियमित रूप से जारी है। इस अभियान के तहत और इस्पात नगरी के नागरिकों के प्रयास के फ्लस्वरूप अब टाउनषिप क्षेत्र में डेंगू लार्वा के पाये जाने के प्रकरण लगभग समाप्त हो रहे हैं। अब तक कोई नया डेंगू लार्वा का प्रकरण विगत दिनों से नहीं मिला है।

भिलाई टाउनशिप की हरियाली एवं आवासों के साथ लगी खाली भूमि, जो लोगों को बेहतर आवास एवं पर्यावरण तो उपलब्ध कराती है, वहीं दूसरी ओर बारिश के मौसम में इन खुले स्थानों में पड़े पात्रों में जल जमाव होने के कारण साफ पानी में पैदा होने वाले मच्छर की (एडिस) प्रजाति जो डेंगु के प्रसार का कारक है, के भी पैदा होने की



संभावना बनी रहती है।

विगत वर्षों में भिलाई टाउनशिप में डेंगू के अनेकों प्रकरण सामने आने के कारण ऐतिहातन एवं रोकथाम हेतु जन-मानस में जागरूकता लाने भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के तहत जनस्वास्थ्य विभाग, द्वारा जिला मलेरिया विभाग दुर्ग से भुगतान के आधार पर प्राप्त 96 ब्रीडिंग चेकर्स के माध्यम से 13 जून 2023 से वृहद सर्वेक्षण एवं जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है। इस अभियान के तहत ब्रीडिंग चेकर्स द्वारा टाउनशिप के प्रत्येक आवास सहित सभी दुकानों एवं भवनों में जाकर ऐसे स्थल जहां मच्छर पनप सकते है, जैसे पशुओ एवं पक्षियों के लिए रखे पानी के पात्र, कूलर, पुराने टायर, नारियल के खोल, पुराने बर्तन, पानी की टंकिया तथा अन्य जल-पात्र व जल जमाव के अन्य स्थानों का निरीक्षण कर मच्छरों के लार्वा विनिष्टीकरण के साथ ही निरोधक उपायों हेतु लोगों को जागरूक करने पॉम्पलेट एवं निःशुल्क लार्वानाशी (टेमीफोस) का वितरण किया जा रहा है। 13 जून 2023 से समाचार लिखे जाने तक 24 नवम्बर तक के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अब तक विभिन्न चरण में कुल 2,26,644 घरों का सर्वेक्षण किया गया। इसके साथ ही 2,03,344 कूलर एवं जल पात्रों का निरीक्षण, 16,686 घरों में लार्वा पाया गया, 7555 घरों में कीटनाशक का छिड़काव तथा 1,26,825 घरों में टेमीफोस का वितरण किया गया। इसके साथ ही मच्छरों के संख्या पर नियंत्रण हेतु नियमित रूप से ऐसे स्थान जहां पानी एकत्र होता है, को नाली बनाकर खाली करने के साथ ही रुके पानी पर आयलिंग का कार्य आरंभ किया गया है, ताकि मच्छर को लार्वा स्टेज में ही समाप्त कर मच्छर की संख्या पर नियंत्रण रखा जा सके। उल्लेखनीय है कि मच्छरों की संख्या पर नियंत्रण हमेशा जन सहयोग से ही सफ्ल एवं कारगर होता है। इसके साथ ही वेहिकल माउंटेड थर्मल फगिंग मशीन द्वारा पुरे टाउनशिप में दो चरणों में सघन फगिंग कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। इसके अलावा बैकलेन एवं घरों में कीटनाशकों का छिड़काव नियमित रूप से निरंतर किया जा रहा है।

जनस्वास्थ विभाग, भिलाई की प्रबुद्ध जनता से यह अपील करता है कि, मच्छर नियंत्रण हेतु व्यक्तिगत स्तर पर किये जा सकने वाले उपाय जैसे कूलर एवं पानी की टंकियों को प्रति सप्ताह एक बार पूरी तरह खाली करना, खाली पड़े बर्तनों, पुराने टायरों में पानी का जमाव ना होने देना, रुके हुए पानी, जिसे खाली करना संभव ना हो उसपर किसी भी प्रकार के तेल की कुछ बुँदे डालकर मच्छरों को पनपने से रोकना एवं मच्छरदानी का नियमित उपयोग कर डेंगु एवं मच्छरों से होने वाले बीमारियों के रोकथाम में सहयोग करें तथा स्वयं भी सुरक्षित रहें औरों को भी सुरक्षित रखें।

## मतगणना तिथि 3 दिसम्बर को शुष्क अवधि घोषित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतगणना तिथि रविवार 3 दिसम्बर 2023 को मतगणना स्थल क्षेत्र शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेंट-बार, होटल-बार, होटल-बार एवं क्लब को बंद रखने हेतु शुष्क अवधि घोषित किया है।

कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत् प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए जिले में 03 दिसंबर 2023 को होने वाले मतगणना के अवसर पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सी.एस.-2 (घ घ) दुर्ग कातुलबोर्ड रोड भिलाई, सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट)जुनवानी भिलाई, ट्रांसपोर्ट नगर सिकोला दुर्ग, तितुरडीह (बायपास टोल प्लाजा के पास दुर्ग), एफएल.-1 (घघ) दुर्ग कातुलबोड रोड भिलाई, जुनवानी भिलाई ट्रांसपोर्ट नगर सिकोला दुर्ग, प्रीमियम सूर्या टेऊजर आईसलैण्ड मॉल जुनवानी भिलाई, एफएल-3 होटल अजन्ता, जुनवानी, नेहरू नगर, स्टार होटल ग्रांड ढिल्लन, नेहरू नगर भिलाई, होटल ''रॉकफोर्ट'' नेहरू नगर चौक भिलाई, होटल/रेस्टारेन्ट चेरिओट रानी अवंतीबाई चौक कोहका भिलाई, होटल ''रेनबो'' कोहका रोड भिलाई तथा होटल-''सेन्टर पाईंट एवं रेस्टोरेन्ट चीली पेंपर्स'' जुनवानी भिलाई को बंद रखने हेतु शुष्क अवधि घोषित किया है।

इसी प्रकार एफ.एल.-3(क) लिस्टोमानिया क्लब एण्ड किचन, सूर्या मॉल जुनवानी रोड भिलाई, एफएल.-4 (क) ''द एपीक्युर सोशल क्लब'' जुनवानी भिलाई, गोल्डन सोशल क्लब दुर्ग, कुसुम राईस मिल के पास धमधा रोड दुर्ग, ''झरोखा स्पोर्टस् एण्ड कल्चर ''एसोसिएशन-पुष्पक नगर बायपास रोड कातुलबोड दुर्ग, आर्क स्पोर्टस् एंड कल्चरल एसोसिएशन'' पता-द इम्पीरियन रिसोर्ट बायपास रोड कातुलबोड दुर्ग तथा उपवन क्लब, कातुलबोर्ड दुर्ग को बंद रखने के लिए शुष्क अवधि घोषित किया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950